دیوان غالب

दीवान
-ए-
ग़ालिब

مرتبہ

سردار جعفری

ہندستانی بک ٹرسٹ

۳-اے، ناز بلڈنگ، بمبئی ۴

दीवान-ए-ग़ालिब

संकलन

सरदार जा'फ़री

हिन्दुस्तानी बुक ट्रस्ट,
३—अे, नाज़ बिल्डिंग,
बम्बई ४.

نام   مرزا اسد اللہ خاں

عرف   مرزا نوشہ

تخلص   اسد اور غالب

خطاب   نجم الدولہ، دبیر الملک

پیدائش   آگرہ، ۲۷ دسمبر ۱۷۹۷ء

وفات   دہلی، ۱۵ فروری ۱۸٦۹ء

مدفن   خاندان لوہارو کا قبرستان،
سلطان جی چونسٹھ کھمبا، نظام الدین، دلّی.

नाम   मिर्ज़ा असदुल्लाह ख़ाँ

उपनाम   मिर्ज़ा नौशः

कविनाम   'असद' और 'ग़ालिब'

पदवि   नज्मुद्दौलः, दबीरुलमुल्क

जन्म   आगरा, २७ दिसम्बर १७९७

मृत्यु   देहली, १५ फ़रवरी १८६९

मज़ार   लोहारू वंश का क़ब्रिस्तान,
सुलतानजी, चौंसठ खंबा निज़ामुद्दीन, दिल्ली।

دیباچہ

انسانی ذہن کی وسعتیں لامحدود ہونے کے باوجود ایک فرد کا ذہن کتنا ہی وسیع کیوں نہ ہو پھر بھی محدود رہتا ہے۔ بڑے سے بڑا شاعر اور مفکر بھی اس کلیے سے آزاد نہیں، لیکن اس کی تخلیق، شعر یا خواب جسے وہ اپنی ذات سے الگ کر کے آئینے کی طرح دنیا کے سامنے رکھ دیتا ہے، انسانی ذہن کی لامحدود وسعتیں اختیار کرلیتا ہے۔ آنے والی نسلوں کا ہر پڑھنے والا اپنی ذہنی استعداد اور جذباتی شدت کے اعتبار سے اس تخلیق میں نئے معنوں اور کیفیتوں کا اضافہ کر دیتا ہے۔ چنانچہ غالب یا شیکسپیر کا ایک مصرعہ ہزار مواقع پر ہزار نئے معنی پیدا کر سکتا ہے، اس کے دامن میں اتنی وسعت ہوتی ہے کہ وہ آنے والی زندگی کے ہنگاموں کو سمیٹ سکے۔ اس کو تنقید کی زبان میں تعمیم، ہمہ گیری اور تہہ داری کے نام دیئے جاتے ہیں، جو جذبات سے عاری اور خیالات سے خالی لفظی بازی گری سے مختلف چیز ہے اور صرف اس وقت پیدا ہوتی ہے جب شاعر اپنے عہد پر حاوی ہونے کے ساتھ ساتھ لفظوں کے صوتی آہنگ اور معنوی کیفیت سے بھی پوری طرح واقف ہو اور ان کو اس طرح چھیڑ سکے جیسے مطرب ساز کے تاروں کو چھیڑتا ہے۔ ادب کی طویل تاریخ میں چند گنی چنی شخصیتیں اس معیار پر پوری اُترتی ہیں، غالب اُن میں ایک ہے۔

غالب اردو کا محبوب ترین شاعر ہے جسے اقبال نے گوئٹے کا ہمنوا قرار دیا ہے۔ گذشتہ سو سال میں دیوانِ غالب کے متعدد ایڈیشن شائع ہوئے ہیں اور بے شمار مضامین لکھے گئے ہیں۔ ہر نقاد اور پڑھنے والے نے اپنے مذاق اور مزاج کے لئے غالب کے اشعار میں گنجائش دیکھی۔ کبھی خراج تحسین نے عقیدت کی شکل اختیار کی، کبھی ایک سنجیدہ تجزئے کی اور کبھی اس مبالغے کی جو آرٹ کا حسین زیور ہے۔

غالب کی شخصیت انتہائی دلاویز اور ہمہ گیر تھی۔ نسل کے اعتبار سے وہ ایبک ترک تھا جس کا دادا اس کی پیدائش (آگرہ ۲۷ دسمبر سنہ ۱۷۹۷ء) سے تقریباً نصف صدی پہلے سمر قند سے ہندستان آیا تھا۔ اس خاندان نے غالب کو «چوڑا چکلا ہاڑ۔ لانبا قد، سڈول اکہرا جسم، بھرے بھرے ہاتھ پاؤں، کتابی چہرہ، کھڑا نقشہ، چوڑی پیشانی، گھنی لانبی پلکیں اور بڑی بڑی بادامی آنکھیں، اور سرخ و سپید رنگ» دیا تھا جس میں شراب نوشی نے چمپئی دمک پیدا کردی

भूमिका

मानव मस्तिष्क का विस्तार असीमित होने के बावुजूद एक व्यक्ति का मस्तिष्क कितना ही विशाल क्यों न हो फिर भी सीमित रहता है। बड़े से बड़ा कवि और चिन्तक भी इस नियम का अपवाद नहीं। लेकिन उसकी रचना, कविता या स्वप्न जिसे वह अपने व्यक्तित्व से अलग करके आइने की तरह दुनिया के सामने रखदेता है, मानव-मस्तिष्क का असीमित विस्तार धारण करलेता है। आनेवाली पीढ़ियों का हर पाठक अपनी बौद्धिक योग्यता और भावना की तीव्रता के अनुसार उस रचना में नये अर्थों और गुणों की वृद्धि कर देता है। अत:एव ग़ालिब या शेक्सपियर की एक पंक्ति हज़ार अवसरों पर हज़ार नये अर्थ पैदा कर सकती है। उस के दामन में इतना विस्तार होता है कि वह आनेवाली जिन्दगी की ख़ुशियों और ग़मों को समेट सके। इसको समालोचना की भाषा में साधारणीकरण, सर्व व्यापकता, और तहदारी के नाम दिये जाते हैं, जो भावनारहित और विचारशून्य शाब्दिक बाज़ीगरी से भिन्न है और केवल उस समय पैदा होती है जब कवि अपने युग पर हावी होने के साथसाथ शब्दों के संगीत और उनके अर्थों के गुणों से भी भलीभाँति परिचित हो और उनको इस तरह छेड़ सके जैसे संगीतकार साज़ के तारों को छेड़ता है। साहित्य के लम्बे इतिहास में चन्द गिनी चुनी विभूतियाँ इस स्तर पर पूरी उतरती हैं। ग़ालिब उनमें एक है।

ग़ालिब उर्दू का अत्यन्त लोकप्रिय कवि है जिसे इक़बाल ने गेटे का समकक्ष माना है। गत सौ वर्षों में दीवान-ए-ग़ालिब के अनेक संस्करण प्रकाशित हुए हैं और असंख्य लेख लिखे गये हैं। हर समालोचक और पाठक ने अपनी रुचि और स्वभाव के अनुसार ग़ालिब के काव्य में गुंजाइश देखी। कभी प्रशंसा ने श्रद्धा का रूप धारण किया, कभी एक गंभीर विश्लेषण का और कभी उस अतिशयोक्ति का जो कला का सुन्दर आभूषण है।

ग़ालिब का व्यक्तित्व अत्यन्त आकर्षक और सर्वव्यापी था। वंश के विचार से वह ऐबक तुर्क था जिसका दादा उसके जन्म (आगरा, २७ दिसम्बर १७९७) से लगभग अर्धशताब्दि पूर्व समरक़न्द से हिन्दुस्तान आया था। इस ख़ान्दान ने ग़ालिब को "चौड़ा चकला हाड़, लाँबा क़द, सिडौल इकहरा जिस्म भरे-भरे हाथ-पाँव, किताबी चेहर:, खड़ा नक़्श: चौड़ी पेशानी, घनी लम्बी पलकें और बड़ी बड़ी बादामी आँखें और सुर्ख़-ओ-सुपैद रँग" दिया था। जिस में मदिरा पान ने चम्पई कान्ति पैदा कर दी थी। ग़ालिब का स्वभाव ईरानी था, धार्मिक विश्वास 'अरबी, शिक्षादीक्षा और संस्कार हिन्दुस्तानी और भाषा उर्दू। बुद्धि की कुशाग्रता और काव्य-प्रतिभा जन्मसिद्ध

تھی. غالب کا مزاج ایرانی تھا، مذہبی عقاید عربی، تہذیب و تربیت ہندستانی اور زبان اردو. ذہانت، طباعی اورسخن وری کا ملکہ پیدائشی تھا اور زندہ دلی، آزادہ روی اور خوش اخلاقی نے سونے پر سہاگے کا کام کیا جس کی وجہ سے لوگ اس کی انانیت اور خود پرستی کو بھی برداشت کرلیتے تھے. شعر کہنا بچپن سے شروع کردیا تھا اور پچیس برس کی عمر سے پہلے اپنے بعض بہترین قصائد اور غزلیں کہہ لی تھیں اور تیس بتّیس برس کی عمر میں کلکتے سے دہلی تک ایک ہنگامہ برپا کردیا تھا. تعلیم کے متعلق کافی معلومات اب تک فراہم نہیں ہوسکی ہیں لیکن غالب اپنے عہد کے مروجہ علوم پر حاوی تھا اور فارسی زبان، شعر اور ادب پر بڑی گہری نگاہ رکھتا تھا. اور پھر زندگی کا مطالعہ اتنا وسیع تھا کہ خود لکھا ہے کہ ستر برس کی عمر میں عوام سے نہیں خواص سے ستر ہزار آدمی نظر سے گذر چکے ہیں. «میں انسان نہیں ہوں انسان شناس ہوں» بادشاہوں اور امیروں سے لے کر میفروشوں تک اور دہلی کے علما اور فضلا سے لے کر انگریز حاکموں تک بے شمار لوگ غالب کے ذاتی دوستوں میں تھے. جوانی کی رنگ رلیوں کا ذکر خود بارہا کیا ہے. رقص، سردو، شراب، شاہد بازی، جوا کسی چیز سے پرہیز نہیں کیا اور جب بیس پچیس برس کی عمر میں رنگ رلیوں سے دل ہٹ گیا تو صوفیانہ آزادہ روی اختیار کی اور ہندو، مسلمان، عیسائی سب سے یکساں سلوک کیا. نماز پڑھی نہیں، روزہ رکھا نہیں، شراب کبھی ترک نہیں کی. ہمیشہ اپنے آپ کو گنہگار کہا لیکن خدا، رسول اور اسلام پر پورا ایمان تھا. چند چیزوں کا شوق ہوس کی حد تک تھا. علم اور عزت کی طلب ایک شدید پیاس بن کر عمر بھر ساتھ رہی. کڑوے کریلے، املی کے کھٹے پھول، چنے کی دال، انگور، آم، کباب، شراب، خوبصورت راگ اور حسین مکھڑے ہمیشہ دل کو کھینچتے رہے. یوں تو غالب عمر بھر ان چیزوں کے لئے ترستا رہا لیکن اگر کبھی چند چیزیں ایک ساتھ جمع ہوگئیں تو اس وقت غالب کا دماغ آسمان پر پہنچ گیا اور اس نے اپنے آپ کو ہفت اقلیم کا بادشاہ سمجھ لیا.

چند واقعات غالب کی زندگی میں بہت اہم ہیں. بچپن کی یتیمی، دہلی کا قیام اور کلکتے کا سفر. اور ان کا اثر اس کی شخصیت اور شاعری پر بڑا گہرا ہے. اس کی ابتدائی زندگی اور شاعری کی بے راہ روی مشہور ہے. جو بچہ پانچ برس کی عمر میں باپ کی شفقت سے محروم ہو گیا ہو اور جسے کوئی معقول تربیت نہ ملی ہو وہ اپنی ذہانت اور طبیعت ہی کے زور پر آگے بڑھ سکتا تھا

थी और जिन्दादिली, विचार-स्वातंत्र्य और शिष्टाचार ने सोने पर सुहागे का काम किया जिसके कारण लोग उसके अहं और अभिमान को भी सहन कर लेते थे। शे'र कहना बचपन से आरम्भ करदिया था और पच्चीस वर्ष की आयु से पूर्व ही अपने कुछ उत्तम क़सीदे और ग़ज़लें कहली थीं और तीस-बत्तीस वर्ष की आयु में कलकत्ते से दिल्ली तक एक हलचल मचा दी थी। शिक्षा के सम्बन्ध में काफ़ी जानकारी अब तक उपलब्ध नहीं होसकी है लेकिन ग़ालिब अपने युग की प्रचलित विद्याओं का पण्डित था और फ़ारसी भाषा, और साहित्य पर गहरी नज़र रखता था। और फिर जीवन का अध्ययन इतना व्यापक था कि उसने स्वयं लिखा है कि सत्तर वर्ष की आयु में जन-साधारण से नहीं जनविशेष से सत्तर हज़ार व्यक्ति नज़र से गुज़र चुके हैं। "मैं मानव नहीं हूँ मानव-पारखी हूँ।" बादशाहों और धनवानों से लेकर मधुविक्रेताओं तक और दिल्ली के पण्डितों और विद्वानों से लेकर अंग्रेज़ अधिकारियों तक असंख्य व्यक्ति ग़ालिब के निजी दोस्तों में थे। जवानी की रंगरलियों का ज़िक्र अनेक बार स्वयं किया है। नृत्य, संगीत, मदिरा, सौन्दर्योपासना, जुआ किसी वस्तु से विरक्ति प्रकट नहीं की। और जब बीस पच्चीस वर्ष की आयु में रंगरलियों से दिल हट गया तो सूफ़ियों जैसा स्वतन्त्र आचार-विचार अपनाया और हिन्दू मुसलमान ईसाई सब से एकसा व्यवहार किया। नमाज़ पढ़ी नहीं, रोज़ा रखा नहीं, शराब कभी छोड़ी नहीं। हमेशा स्वयं को गुनहगार कहा लेकिन ख़ुदा, रसूल और इस्लाम पर पूरा विश्वास था। चन्द चीज़ों का शौक़ हवस की हद तक था। विद्या और प्रतिष्ठा की लालसा एक तीव्र तृष्णा बनकर उम्र भर साथ रही। कड़वे करेले, इमली के खट्टे फूल, चने की दाल, अंगूर, आम, कबाब, शराब, मधुर राग और सुन्दर मुखड़े हमेशा दिल को खींचते रहे। यों तो ग़ालिब उम्र भर इन चीज़ों के लिये तरसता रहा लेकिन यदि कभी चन्द चीज़ें एक साथ जमा होगईं तो उस वक़्त उसका दिमाग़ आस्मान पर पहुँच गया और उसने स्वयं को त्रिलोक का सम्राट समझ लिया।

चन्द घटनाएँ ग़ालिब के जीवन में बड़ी महत्वपूर्ण हैं। बचपन में अनाथ होजाना, दिल्ली का निवास और कलकत्ते की यात्रा। और इनका प्रभाव उसके व्यक्तित्व और काव्य पर बड़ा गहरा है। उसके प्रारम्भिक जीवन और शा'अिरी की बेराह-रवी प्रसिद्ध है। जो बच्चा पाँच वर्ष की आयु में पिता के वात्सल्य से वंचित हो गया हो और जिसे कोई उपयुक्त तरबियत (शिक्षा-दीक्षा) न मिली हो वह अपनी प्रतिभा और गुणों के आधार पर ही आगे बढ़ सकता था। और इसमें बेराह-रवी बड़ी महत्वपूर्ण मंज़िल है जहाँ ठोकरें उस्ताद का काम करती हैं। कहा जाता है कि मीर ने ग़ालिब की प्रारम्भिक

اور اس میں بے راہ روی بڑی اہم منزل ہے جہاں ٹھوکریں استاد کا کام کرتی ہیں. کہاجاتاہے کہ میر نے غالب کا ابتدائی کلام دیکھ کر کہا تھا کہ کوئی استاد کامل مل گیا تو اچھا شاعر ہو جائے گا نہیں تو مہمل بکنے لگے گا. ایک ایرانی ملا عبدالصمد کے سوا (جس کا وجود مشکوک ہے) زندگی کے تجربات ہی غالب کے استاد رہے. غالب کی ابتدائی مشکل اور گنجلک شاعری پر، جس کے بعض نمونے موجودہ دیوان میں بھی باقی رہ گئے ہیں، جب آگرے والے ہنسے تو غالب کی انانیت اُنہیں خاطر میں نہ لائی. لیکن جب شادی کے بعد قیام دہلی کے دوران میں بڑے بڑے عالموں اور مستند استادانِ فن سے سابقہ پڑا تو غالب اُن کی رائے کو نظر انداز نہ کر سکا اور پچیس برس کی عمر تک پہونچتے پہونچتے طبیعت صحیح شعر کی طرف مائل ہو گئی. اپنی جاگیر اور پنشن کے سلسلے میں غالب کو تیس برس کی عمر میں (۱۸۲۷ء) کلکتے کا جو سفر کرنا پڑا وہ اس کی زندگی کا بہت بڑا موڑ ہے. وہاں اس نے صرف نئی زندگی کی جھلکیاں ہی نہیں دیکھیں بلکہ اپنی ناکامی کے آئینے میں اپنا منہ بھی دیکھا. اس طرح غالب نے مغل تہذیب کی آخری بہار اور نئی صنعتی تہذیب کے ابھرتے ہوئے نقوش اور اُن کی کیفیتوں کو اپنی شخصیت میں جذب کر لیا.

لیکن ان سب سے بڑا واقعہ عمر بھر کا افلاس ہے جس نے غالب کوہمیشہ بے چین اوو بے قرار رکھا. اب نہ تو آبا و اجداد کی شان و شوکت باقی تھی جن کے رشتے قدیم ایرانی بادشاہوں سے ملتے تھے اور نہ بو علی سینا کا علم تھا. اس لئے اپنے قلم کو غالب نے علم بنا لیا اور آبا و اجداد کے ٹوٹے ہوئے نیزوں کو قلم (فارسی سے) زندگی نے غالب کے ساتھ کچھ اچھا سلوک نہیں کیا اور ہمیشہ اس کی روح میں ریگزار ہی اُنڈیلے. لیکن غالب کی روح نے زندگی کو لالہ زار بخشے. اس کی طبیعت کی یہ فیاضی اردو زبان و ادب کو مالا مال کر گئی.

یہ سوال اہم ہے کہ غالب کے سامنے کوئی نظریۂ کائنات اور فلسفۂ حیات تھا یا نہیں. وہ کسی خاص نظریے کا بانی نہیں ہے اس لئے اس کے یہاں منظم فکر اور پیام کی جستجو غلط ہو گی. لیکن غالب کی شاعری کے فکری عناصر اور فلسفیانہ مزاج سے انکار نہیں کیا جا سکتا. اس لئے رسمی خیالات اور غزل کے روایتی موضوعات کے پیدا کئے ہوئے تضادات کے باوجود کائنات اور انسان کے متعلق غالب کے حاوی رجحانات کا اندازہ کرنا دلچسپی سے خالی نہیں ہے.

اس میں کوئی شک نہیں کہ اردو کا یہ عظیم المرتبت شاعر قدیم صوفیانہ

शा'अिरी देखकर कहा था कि कोई योग्य उस्ताद मिल गया तो अच्छा शा'अिर बन जायगा नहीं तो निरर्थक बकने लगेगा। एक ईरानी मुल्ला अब्दुस्समद के सिवाय, (जिसका अस्तित्व संदिग्ध है) जीवन के अनुभव ही ग़ालिब के उस्ताद रहे। ग़ालिब की प्रारम्भिक कठिन और उलझी हुई शा'अिरी पर, जिसके कुछ नमूने प्रस्तुत दीवान में भी बाक़ी रह गये हैं, जब आगरे वाले हँसे तो ग़ालिब के अहं ने उसकी कोई परवाह नहीं की। लेकिन शादी के बाद दिल्ली-निवास के दौरान में बड़े-बड़े विद्वानों और माने हुए कला-मर्मज्ञों के सम्पर्क में आने के बाद ग़ालिब उनकी राय की उपेक्षा न कर सका और पच्चीस वर्ष की आयु तक पहुँचते-पहुँचते रुचि सही शे'र की तरफ़ प्रवृत्त होगई। अपनी जागीर और पेन्शन के सिलसिले में ग़ालिब को तीस वर्ष की आयु में (सन् १८२७ ई.) कलकत्ते की जो यात्रा करनी पड़ी वह उसके जीवन का बहुत बड़ा मोड़ है। वहाँ उसने केवल नये जीवन की झलकियाँ ही नहीं देखीं बल्कि अपनी असफलता के आइने में अपना मुँह भी देखा। इस प्रकार ग़ालिब ने मुग़ल संस्कृति की आख़री बहार और नई औद्योगिक संस्कृति के उभरते हुए चिन्ह और उनकी कैफ़ियतों को अपने व्यक्तित्व में समो लिया।

लेकिन इन सब से बड़ी घटना जीवनभर की निर्धनता है जिसने ग़ालिब को हमेशा बेचैन और व्याकुल रखा। अब न तो पूर्वजों की प्रतिष्ठा और वैभव बाक़ी था जिनके संबंध प्राचीन ईरानी बादशाहों से मिलते थे, और न बू'अली सीना की विद्या सीने में थी। इसलिए ग़ालिब ने अपने क़लम को 'अलम (ध्वजा) बना लिया और पूर्वजों के टूटी हुई बर्छियों को क़लम (फ़ारसी से)। जिन्दगी ने ग़ालिब के साथ कुछ अच्छा व्यवहार नहीं किया और हमेशा उसकी रूह में रेगज़ार (मरुस्थल) ही उँडेले। लेकिन ग़ालिब की आत्मा ने जीवन को लाल:ज़ार (पुष्पोद्यान) प्रदान किये। उसके स्वभाव की यह उदारता उर्दू भाषा और साहित्य को मालामाल कर गई।

यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ग़ालिब के सामने विश्व और जीवन के बारे में कोई दृष्टिकोण था या नहीं। वह किसी दर्शन विशेष का निर्माता नहीं है इस लिए उसके यहाँ व्यवस्थित विचार और सन्देश की खोज व्यर्थ होगी। लेकिन ग़ालिब की शा'अिरी में चिन्तन के तत्व और दार्शनिक प्रवृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए रस्मी विचारों और ग़ज़ल के परम्परागत विषयों की पैदा की हुई विपरीतता के बावुजूद विश्व और मानव के सम्बन्ध में ग़ालिब की व्यापक प्रवृत्ति का अनुमान लगाना दिलचस्पी से ख़ाली नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि उर्दू का यह महान कवि प्राचीन सूफ़ियाना विचारों से प्रभावित था जो उसको अपने अध्ययन के 'अलावा फ़ारसी और

خیالات سے متاثر تھا جو اس کے علمی مطالعے کے علاوہ اسے فارسی اور اردو شاعری سے ورثے میں ملے تھے ۔ یہ کہنے کے بعد بھی کہ « تصوف نہ زیبد سخن پیشہ را » غالب نے کائینات کو سمجھنے کے لئے اور مذہب کی ظاہر داریوں سے بچنے کے لئے تصوف کے بعض خیالات سے مدد لی اور انہیں سے اپنی آزاد خیال اور کج اندیشہ فطرت کی تربیت کی ۔

وہ وحدت الوجود کا قائل تھا ۔ اس نے اپنی فارسی مثنوی « ابر گہر بار » میں کائینات کو «آئینۂ آگہی» کہا ہے جس کی فضا میں بکھرے ہوئے حسنِ حقیقت (وجہ اللہ) کے جلوے نگاہوں کو دعوتِ نظارہ دے رہے ہیں. نہ محض یہ کہ انسان جس سمت رخ کرتا ہے اس سمت «وہی وہ» نظر آرہا ہے بلکہ جس رخ کو انسان چاروں طرف موڑ رہا ہے وہ خود «اسی» کا رخ ہے. دوسری جگہ فارسی نثر میں یہ کہا ہے کہ ذرے کی ہستی اس کے اپنے پندار کے سوا کچھ نہیں ۔ جو کچھ ہے آفتاب حقیقت کا نور ہے ۔ دریا ہر جگہ بہہ رہا ہے اور اس میں موج، حباب اور گرداب ابھر رہے ہیں ۔ اور « ہمہ اوست » ہی « ہمہ اوست » ہے ۔ (غزل ۹۹ شعر ۶، ۷، غزل ۱۶۳ شعر ٤، ۵، ۶، ۷)

چونکہ وجود ایک وحدت ہے اور اصل ذات فانی نہیں ہے اس لئے کائینات بھی فانی نہیں ہو سکتی ۔ غالب نے یہ بات اتنی کھل کر کہیں بیان نہیں کی ہے. لیکن اپنی فارسی تصنیف « مہر نیمروز » میں اس عقیدے کا اظہار ضرور کیا ہے کہ عالم کا کوئی خارجی وجود نہیں (یعنی خدا کی ذات سے الگ عالم کا تصور محض وہم و خیال ہے « ہر چند کہیں کہ ہے، نہیں ہے») اس لئے قِدم اور حدوث، نوی اور کہنگی کا سوال پیدا نہیں ہوتا. صفات عین ذات ہیں اور پرتو آفتاب سے جدا نہیں. قیامت کے بعد نیا آدم پیدا ہوگا اور ایک آدم کے بعد دوسرا آدم ظہور کرے گا اور دنیا یونہی چلتی رہے گی. غالب کے اس شعر سے بھی اس خیال کی کسی قدر تصدیق ہوتی ہے ۔

آرائشِ جمال سے فارغ نہیں ہنوز
پیشِ نظر ہے آئینہ دائم نقاب میں (۹۹ - ۹)

یہیں سے دوسرا سوال پیدا ہوتا ہے. اگر عالم پرتو ذات ہے تو وہ چیزیں جنھیں بدی، گناہ. مصیبت، تکلیف، درد اور غم کہا جاتا ہے کہاں سے آتی ہیں. تضادات کہاں سے ابھرتے ہیں. اس کا بندھا ٹکا پرانا جواب یہ ہے کہ پرتو اصلِ ذات سے جتنا دور ہوتا جاتا ہے اتنی ہی اس میں کثافت آتی جاتی ہے. مگر اس جواب کی منطقی کمزوری یہ ہے کہ فاصلہ ذات سے الگ چیز بن

उर्दू काव्य से वर्से में मिले थे। यह कहने के बाद भी कि "शा'अिर को तसव्वुफ़ शोभा नहीं देता" ग़ालिब ने सृष्टि को समझने के लिए और धर्म के दिखावे से बचने के लिए तसव्वुफ़ के कुछ विचारों से सहायता ली और उन्हीं से अपनी स्वतंत्र और तीखी प्रकृति का प्रशिक्षण किया।

वह वहदत-ए-वुजूद (विश्वदेवतावाद, जगीश्वरवाद, यह विश्वास कि सृष्टि के अनेक रूपों में एक ही तत्त्व विद्यमान है) का माननेवाला था। उसने अपनी फ़ारसी मसनवी "अब्र-ए-गुहरबार" में विश्व को चेतना-दर्पण (आईन: -ए-आगही) कहा है जो ब्रह्म-रूप (वजहुल्लाह) के दर्शन का वातावरण है। न केवल यह कि मानव जिस दिशा में मुँह करता है उस ओर "वह ही वह" नज़र आता है बल्कि जिस मुँह को मानव चारों ओर मोड़ रहा है वह ख़ुद "उसी" का मुँह है। दूसरी जगह फ़ारसी गद्य में यह कहा है कि कण का अस्तित्व उसके अपने अहंकार (पिंदार) के अतिरिक्त कुछ नहीं, जो कुछ है परम्सत्य के सूर्य का आलोक है। दरिया हर जगह बह रहा है और उसमें तरंग, बुलबुले और भँवर उभर रहे हैं। और "हम:ऊस्त" (सब कुछ वही है) ही "हम:ऊस्त" है (ग़ज़ल ९९, शेर ६, ७; ग़ज़ल १६३ शेर ४, ५, ६, ७)।

चूँकि सृष्टि एक वहदत (एकत्व, अद्वैत) है और अस्लज़ात (ब्रह्म) नश्वर नहीं है इसलिए विश्व भी नश्वर नहीं हो सकता। ग़ालिब ने यह बात इतनी खुलकर कहीं नहीं कही है लेकिन अपनी फ़ारसी पुस्तक "मेहर-ए-नीम रोज़" में यह विश्वास प्रकट किया है कि जगत्का का कोई बाह्य अस्तित्व नहीं है (या'नी ख़ुदा की ज़ात से अलग जगत की कल्पना केवल भ्रम है "हर चंद कहें कि है, नहीं है") इसलिए अनश्वरता, नश्वरता, नवीनता और पुरातनता का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता। सिफ़ात (गुण) 'अैन-ए-ज़ात (स्वयंब्रह्म) हैं और आलोक सूर्य से अलग नहीं। क़यामत (प्रलय) के बाद नया आदम (मनु) पैदा होगा और एक आदम के बाद दूसरा आदम प्रकट होगा और संसार योंही चलता रहेगा। ग़ालिब के इस शे'र से भी इस विचार की पुष्टि होती है:

आराइश-ए-जमाल से फ़ारिग़ नहीं हनोज़
पेश-ए-नज़र है आइन: दाइम निक़ाब में (९९—९)

यहीं से दूसरा प्रश्न उत्पन्न होता है। यदि विश्व ब्रह्म का प्रकाश है तो वे चीज़ें जिन्हें बदी, गुनाह, मुसीबत, तकलीफ़, दर्द और ग़म कहा जाता है कहाँ से आयी हैं, अंतर्विरोध कहाँ से उभरते हैं। इसका बँधा-टका पुराना जवाब तो यह है कि आलोक ब्रह्म से जितना दूर होता जाता है उतनी ही उसमें मलिनता (कसाफ़त) आती जाती है। किन्तु इस उत्तर की तार्किक कमज़ोरी यह है कि अन्तर ब्रह्म से अलग वस्तु बन जाता है और "हम:ऊस्त" के

جاتا ہے اور «ہمہ اوست» کے ہمہ گیر دائرے کو توڑ دیتا ہے۔

غالب نے یہ سوال اُٹھایا ضرور لیکن اس کا تشفی بخش جواب نہ دے سکا۔ خود صوفیا اور فلسفیوں سے یہ سوال نہیں سنبھل سکا تو ایک شاعر سے کیا توقع کی جاسکتی ہے۔ اپنی فارسی مثنوی «ابر گہر بار» کے مناجات والے حصے میں غالب صرف یہ کہہ سکا کہ «صفات کمال» کے ایک نقطے سے تمام متضاد چیزیں پیدا ہوتی ہیں لیکن یہ جادو بیانی جو «ہمہ اوست» کی تفصیل ہے اصل سوال کا جواب نہیں ہے۔ اس سے زیادہ شاعرانہ اور تسکین بخش جواب فارسی کے پہلے قصیدے میں ملتا ہے جس میں غالب خدا سے مخاطب ہو کر کہتا ہے کہ تو نے «وہم غیر» سے دنیا میں ہنگامہ برپا کر رکھا ہے۔ خود ہی ایک حرف کہا اور خود ہی گمان میں مبتلا ہوگیا۔ یہ خود اور غیر خود کی تقسیم ایسی ہے کہ دیکھنے والا اور دیکھا جانے والا ایک ہوتے ہوئے بھی دو معلوم ہو رہے ہیں اور ان کے درمیان پرستش کی رسم کا پردہ پڑا ہوا ہے حالانکہ وحدت میں دوئی کی سمائی نہیں ہے۔ پھر آگے چل کر وہ رازِ نہاں سے پردہ اٹھاتا ہے اور کہتا ہے کہ دکھ درد بھی وہیں سے آتے ہیں مگر اس لئے کہ راحت کی لذت بڑھادیں۔ خزاں کا جواز غالب نے «تجدید طرب» میں ڈھونڈھا ہے۔ مصائب ایک طرح کا امتحان ہیں تاکہ دوست دشمن کی نظروں سے پوشیدہ رہے اور مہمان کے راستے میں کانٹے اس لئے بچھائے گئے ہیں کہ جب خستگی کا علاج کیا جائے تو آسائش کا نیا مزہ ملے۔ گویا خود اور غیر خود کی تقسیم ایک ایسے تضاد کا باعث ہے جو زندگی کو زندگی بناتا ہے۔ یہ وحدت ہے دوئی نہیں ہے۔

لطافت بے کثافت جلوہ پیدا کر نہیں سکتی
چمن زنگار ہے آئینۂ بادِ بہاری کا (٤٨)

یہاں پہنچ کر بدی نیکی کا ایک حصہ بن جاتی ہے۔ ناقص اور کامل کا امتیاز ختم ہو جاتا ہے (٤/٤٢) مادہ اور روح، زندگی اور موت سب ایک ہوجاتے ہیں۔ مذہب اور مذہبی عقائد کی حیثیت «سرابستان» سے زیادہ نہیں رہتی۔ ترکِ رسوم اور ترکِ ملت اجزائے ایماں بن جاتے ہیں۔ (١٤:١١٢) مسرت اور غم کی تقسیم بے معنی ہو جاتی ہے، بہار و خزان ایک دوسرے کے گلے میں بانہیں ڈال لیتی ہیں۔ ایک پیمانۂ رنگ گردش میں ہے۔ بہار اس کا ایک رنگ ہے اور خزان دوسرا۔ دن رات ایک دوسرے کے پیچھے دوڑ رہے ہیں۔ یہ سب وحدت کا جوش و خروش ہے۔ ایک نقطہ ہے جو تیزی سے گردش کررہا ہے

सर्वव्यापी घेरे को तोड़ देता है।

ग़ालिब ने यह प्रश्न उठाया ज़रूर किन्तु इसका संतोषप्रद उत्तर न दे सका। स्वयं सूफ़ियों और दार्शनिकों से यह प्रश्न नहीं सँभल सका तो एक कवि से क्या आशा की जा सकती है। अपनी एक फ़ारसी मसनवी "अब्र-ए-गुहरबार" के "मुनाजात" वाले हिस्से में ग़ालिब केवल यह कह सका कि सिफ़ात-ए-कमाल (गुण) के एक विन्दु से तमाम अंतर्विरोधी वस्तुएँ पैदा होती हैं लेकिन यह वर्णन-चमत्कार जो "हमःऊस्त" का विवरण है, असली प्रश्न का उत्तर नहीं है। इससे अधिक कवितामय और संतोषप्रद उत्तर फ़ारसी के पहले क़सीदे में मिलता है जिसमें ग़ालिब ख़ुदा से संबोधन करता है कि तूने अन्य के संदेह (वहम-ए-ग़ैर) से दुनिया में हलचल मचा रखी है। ख़ुद ही एक अक्षर कहा और ख़ुद ही शंका में पड़ गया। यह ख़ुद और ग़ैर-ए-ख़ुद का विभाजन ऐसा है कि देखनेवाला और देखा जानेवाला एक होते हुए भी दो मालूम दे रहे हैं और इनके बीच में पूजा की रीति (रस्म-ए-परस्तिश) का पर्दा पड़ा हुआ है। यद्यपि अद्वैत में द्वैत की समाई नहीं है। फिर आगे चलकर वह गुप्त भेद से पर्दा उठाता है और कहता है कि दुख दर्द भी वहीं से आये हैं किन्तु इस लिए कि सुख-चैन का आनंद बढ़ा दें। हेमन्त का औचित्य ग़ालिब ने आनंद के नवीनीकरण में ढूँढा है। कठिनाइयाँ एक प्रकार की परीक्षा हैं ताकि मित्र शत्रु की दृष्टि से छिपा रहे। और अतिथि के पथ में काँटे इसलिए बिछाये गये हैं कि जब जीर्णता का इलाज किया जाय तो सुख का नया आनंद मिले मानो ख़ुद और ग़ैर-ए-ख़ुद का विभाजन एक ऐसी विपरीतता का कारण है जो जीवन को जीवन बनाती है। यह विपरीतता अद्वैत है द्वैत नहीं—

> लताफ़त बेकसाफ़त जल्वः पैदा कर नहीं सकती
> चमन जंगार है आईनः-ए-बाद-ए-बहारी का (४८)

यहाँ पहुँचकर बदी नेकी का एक हिस्सा बन जाती है। अपूर्ण और पूर्ण का भेद समाप्त हो जाता है (४२–४)। पदार्थ और आत्मा, जीवन और मृत्यु सब एक हो जाते हैं। धर्म और धार्मिक विश्वास की हैसियत "मरुस्थल" से अधिक नहीं रहती। रीति-रिवाज और सम्प्रदाय का त्याग ईमान (विश्वास) का अंग बन जाते हैं (११२–१४)। हर्ष और विषाद का विभाजन निरर्थक हो जाता है। बहार और ख़िज़ाँ एक दूसरे के गले में बाँहें डाल लेती हैं। एक ही रंग का पैमाना घूम रहा है। बहार (वसंत) इसका एक रंग है और ख़िज़ाँ (पतझड़) दूसरा। दिन रात एक दूसरे के पीछे दौड़ रहे हैं। यह सब अद्वैत का आवेश और उत्क्रोश है। एक बिंदु है जो तेजी से घूम रहा है और अपनी उड़ान के वेग से नाचता हुआ शोला बन गया है। यह अस्तित्व कष्ट और आराम की कल्पना से निस्पृह है। डूबनेवाले ने लहर का तमाँचा खाया है और प्यासे

اور اپنی سرعتِ پرواز سے ناچتا ہوا شعلہ بن گیا ہے. یہ وجود زحمت اور راحت کے تصور سے بے نیاز ہے. ڈوبنے والے نے موج کا طمانچہ کھایا اور پیاسے نے پانی پی لیا. ویسے دریا نے خود نہ کسی کو ڈبونا چاہا اور نہ پانی پلانا چاہا. وہ اپنے آپ میں محو ہے. عمل اور ردعمل اس کی موجیں ہیں جن سے امروز فردا اور فردا امروز بن رہا ہے.

ہے طلسمِ دہر میں صد حشرِ پاداشِ عمل
آگہی غافل، کہ یک امروز بے فردا نہیں (ضمیمہ ۲۵)

وحدتِ وجود کے ڈانڈے کہیں تو ویدانت سے جا ملتے ہیں اور کہیں نو فلاطونیت سے. یہ فلسفہ ذاتِ مطلق، نفیِ صفات اور ترکِ دنیا سے لے کر تشبیہہ سے آراستہ اور صفات سے سجی ہوئی ذات کے تصور تک پھیلا ہوا ہے. اور جب اس میں ایرانی اور تاتاری پیگن ازم (کفر) کی آمیزش ہوجاتی ہے تو لذت طلبی کا پہلو بھی پیدا ہوجاتا ہے. اب یہ اپنی اپنی ہمت پر منحصر ہے کہ آدمی اس منزل پر پہنچ کر دنیا کو تج دے یا شوق کا ہاتھ بڑھا کر اس رنگ و نور اور صوت و آہنگ سے بھرے ہوئے ناچتے کھلونے کو اٹھا لے.

غالب نے یقیناً اس عقیدے سے ایک بڑا رجائی نقطۂ نگاہ اختیار کیا ہے جو اس کی پوری شاعری میں خونِ بہار کی طرح دوڑ رہا ہے. رنج و غم «تجدید طرب» کی بنیاد ہیں اس لئے اُن سے گریز کرنا موت اور کھیلنا زندگی کی دلیل ہے. خود موت زندگی کا مزہ بڑھا دیتی ہے اور نشاط کار کا حوصلہ بخشتی ہے (۲۲) دہر کی سختیاں اس لئے ہیں کہ انسانیت کی تلوار سان پر چڑھ جائے اور جوھر چمک اٹھیں. غالب نے اپنے ایک اور فارسی قصیدے میں کہا ہے کہ میرا جنون مجھے بیکار نہیں بیٹھنے دیتا. آگ جتنی تیز ہے اتنی ہی میں اور اُسے ہوا دے رہا ہوں. موت سے لڑتا ہوں اور ننگی تلواروں پر اپنے جسم کو پھینکتا ہوں. شمشیر و خنجر سے کھیلتا ہوں اور ساطور و پیکاں کو بوسے دیتا ہوں.

یہی وجہ ہے کہ غالب کے غم اتنے دلاویز ہیں. ان میں جو بھرپور نشاط کی کیفیت ہے وہ اردو کے کسی اور شاعر کے یہاں نہیں ملے گی. صرف اقبال اس میں غالب کے قریب آتا ہے لیکن وہاں بھی رجائیت کا فکری پہلو نشاط ہستی کی جذباتی کیفیت پر حاوی ہے. غالب کی شاعری میں غم اور نشاط کو الگ الگ کرنا تقریباً ناممکن ہے اس لئے اس کو صرف غم یا صرف نشاط کا شاعر سمجھنا غلطی ہے. وہ دراصل نشاطِ غم کا شاعر ہے. یعنی وہ بلاؤں سے دست و گریباں ہو کر سامان طرب حاصل کرتا ہے. جیسے شراب کی تلخی گوارہ کر کے

ने पानी पी लिया। वैसे दरिया ने स्वयं न किसी को डुबोना चाहा और न पानी पिलाना चाहा। वह अपने आप में लीन है। क्रिया और प्रतिक्रिया उसकी तरंगें हैं जिनसे आज कल और कल आज बन रहा है—

है तिलिस्म-ए-दहर में सद हश्र-ए-पादाश-ए-'अमल
आगही ग़ाफ़िल, कि यक इमरोज़ बे फ़र्दा नहीं (ज़मीम: २५)

वहदत-ए-वुजूद (विश्वदेवतावाद) की सीमाएँ कहीं तो वेदांत से जा मिलती हैं और कहीं नौफ़लातूनियत (NEO PLATONISM) से। यह दर्शन ज़ात-ए-मुत्लक़ (ब्रह्म), नफ़ि-ए-सिफ़ात (निर्गुणत्व), और संसारत्याग से लेकर उपमाओं से आरोपित और गुणों से सजी हुई ज़ात (ईश्वर) के विचार तक फैला हुआ है, और जब इसमें ईरानी और तातारी पैगेनिज़्म (कुफ़्र) का सम्मिश्रण हो जाता है तो आनन्दप्राप्ति का पहलू भी पैदा हो जाता है। और अब यह अपने अपने साहस पर निर्भर है कि मनुष्य इस मंज़िल पर पहुँचकर संसार को तज दे या शौक़ का हाथ बढ़ाकर इस रंग और प्रकाश, ध्वनि और संगीत से भरे हुए नाचते खिलौने को उठाले।

ग़ालिब ने निश्चय ही इस विश्वास से एक बड़ा आशावादी दृष्टिकोण अपनाया जो उसके सारे काव्य में ख़ून-ए-बहार की तरह दौड़ रहा है। दुख और संताप आनंद के नवीनीकरण की बुनियादें हैं। इसलिए इनसे विमुख रहना मृत्यु, और खेलना जीवन की दलील है। स्वयं मृत्यु जीवन का आनंद बढ़ा देती है और कार्य-आनंद का साहस प्रदान करती है (२२)। संसार की कठिनाइयाँ इसलिए हैं कि मानवता की तलवार सान पर चढ़ जाय और जौहर चमक उठे। ग़ालिब ने अपने एक और फ़ारसी क़सीदे में कहा है कि मेरा जुनून (उन्माद) मुझे बेकार नहीं बैठने देता, आग जितनी तेज़ है उतनी ही मैं और उसे हवा दे रहा हूँ, मौत से लड़ता हूँ और नंगी तलवारों पर अपने शरीर को फेंकता हूँ, तलवार और कटार से खेलता हूँ और तीरों को चूमता हूँ।

यही कारण है कि ग़ालिब के ग़म इतने आकर्षक हैं। उनमें जो भरपूर हर्ष की कैफ़ियत है वह उर्दू के किसी कवि के यहाँ नहीं मिलेगी। केवल इक़बाल उसमें ग़ालिब के निकट आता है। किन्तु वहाँ भी आशावाद का चिंतन-पक्ष अस्तित्व के हर्ष की भावुक कैफ़ियत पर हावी है। ग़ालिब की शा'अिरी में ग़म और हर्ष को अलग अलग करना लगभग असंभव है। इसलिए उसे केवल ग़म या केवल हर्ष का कवि समझना भूल है। वह वास्तव में ग़म की ख़ुशी का शा'अिर है। यानी वह मुसीबतों से लड़कर हर्ष का सामान प्राप्त करता है जैसे शराब की कड़वाहट सहन करके मदिरता की मंज़िल प्राप्त की जाती है, फिर वह कड़वाहट स्वयं मदिर बन जाती है।

इसके बाद यह समझने में कोई कठिनाई नहीं रह जाती कि ग़ालिब के

سرور کی منزل حاصل کی جاتی ہے۔ پھر وہ تلخی خود سرور بن جاتی ہے۔
اس کے بعد یہ سمجھنے میں کوئی دشواری نہیں رہ جاتی کہ غالب کی کائینات میں انسان کی کیا جگہ ہے۔ وہ بھی اور مخلوق کی طرح پرتوِ ذات ہے۔ لیکن انسان اور کائینات کی باقی چیزوں میں فرق ہے انسان کے پاس آرزو ہے، جذبہ ہے، شوق ہے، تڑپ ہے۔ اس کے ضمیر میں ایک ہنگامہ ہے جو بحروجود میں پانی کے نم کی طرح ہے اور ریشم کے لچھے میں تار کی طرح اور سب سے بڑی بات یہ کہ اس کے پاس عقل ہے وہ اپنے ہاتھوں اور دل کے تعاون سے اپنا کردار حاصل کرتا ہے اور عقل وجان کی آمیزش سے گفتار (ابر گہربار) اسکی عقل محدود سہی لیکن لامحدود عقل کا حصہ ہے۔ غالب نے «مغنی نامہ» میں اس کو دنیا کی آراستہ کرنے والی قوت کہا ہے جو روحانیوں کی صبح کا نور اور یونانیوں کے شبستان کا چراغ ہے۔ دنیا کی ساری رونق اس انسان کی وجہ سے ہے۔

زما گرم است ایں ہنگامہ بنگر شورِ ہستی را
قیامت می دمد از پردۂ خاکے کہ انسان شد

غالب کی نظروں میں انسان کی عظمت اتنی زیادہ ہے کہ وہ اسے کائینات کا محور سمجھتا ہے اور دنیا کی تخلیق کا باعث قرار دیتا ہے۔

ز آفرینش عالم غرض جز آدم نیست
بگردِ نقطۂ ما دور ہفت پرکار است

پردۂ خاک سے اٹھنے والے اس قیامت کے فتنے کی ساری کاوش یہ ہے کہ اس کائینات کو جس میں وہ چاروں طرف سے گھرا ہوا ہے دیکھے اور سمجھے۔ ہروقت اور ہر رنگ میں گرم تماشا رہے اور اپنی چشم تنگ کو نظاروں کی کثرت سے وا کرتا رہے (۱۱۸) اپنے گردو پیش بکھرے ہوئے جلووں کے حجاب اٹھائے اور ان کے معنی تک پہنچنے کے لئے دل و جگر کا خون کرڈالے اور اگر سرو برگ ادراک معنیٰ نہ ممکن ہو تو بھی تماشائے نیرنگ صورت میں محو ہوجائے (۵۲-٤) ممکن ہے کہ اس مشتاقِ جمال اور تشنۂ دید کے لئے بہار کو فرصت نہ ہو اور نگار کو الفت نہ ہو۔ نہ سہی۔ بہار پھر بہار ہے۔ نگار پھر نگار ہے۔ (۲۱۰-۹، ۱۰) آرزو کا آتشکدہ تو بہرحال روشن رکھا جاسکتا ہے۔ کیونکہ جب تک تخیل اور تصور اور تمنا کی دولت پاس ہے اس وقت تک

ہرچہ در مبداء فیاض بود آنِ من ست
گل جدا ناشدہ از شاخ بدامانِ من ست

اس لئے غالب کی شاعری میں ترک دنیا، ترک لذت اور ترک طلب

विश्व में मनुष्य का क्या स्थान है। वह भी अन्य सचराचर की भाँति ब्रह्म का प्रकाश है। किन्तु मानव तथा अन्य सचराचर में एक अंतर है। और यह बहुत बड़ा अंतर है। मानव के पास कामना है, भावना है, शौक़ है, तड़प है। उसके अंतःकरण में एक हलचल है जो अस्तित्व-सागर में जल की आर्द्रता की तरह और रेशम के लच्छे में तार की तरह है (फ़ारसी मसनवी)। और सबसे बड़ी बात यह है कि उसके पास बुद्धि है। वह अपने हाथों और मन के सहयोग से अपना चरित्र और आचरण प्राप्त करता है, और बुद्धि और प्राण के मिलन से वाक्शक्ति (अब्र-ए-गुहरबार)। उसकी बुद्धि सीमित सही किन्तु असीम बुद्धि का एक अंश है। ग़ालिब ने "मुग़न्नीनामे" में इस बुद्धि को विश्व की श्रृंगारकारिणी शक्ति कहा है जो रूहानियों (आध्यात्मवादियों) की उषा का प्रकाश और यूनानियों के विज्ञान की रातों का दीप है। संसार की सारी शोभा इसी मानव के कारण है—

जिमा गर्मस्त इन हंगाम: बिनगर शोर-ए-हस्ती रा
क़यामत मी दमद अज्ज पर्द:-ए-ख़ाके कि इन्साँ शुद

(दुनिया की यह हलचल मेरे कारण है और मिट्टी के उस पर्दे में प्रलय मचल रहा है जो मानव बन गया है)

ग़ालिब की दृष्टि में मानव की महानता इतनी विशद है कि वह उसे सृष्टि का अक्ष (धुरा) समझता है और विश्व की सृष्टि का कारण ठहराता है।

जि आफ़रीनिश-ए-'आलम ग़रज़ जुज़ आदम नीस्त
बगिर्द-ए-नुक़्त:-ए-मा दौर-ए-हफ़्त परकारस्त

(विश्व की सृष्टि का उद्देश्य मानव के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। मैं केन्द्र हूँ और मेरे चारों ओर सात वृत्त घूम रहे हैं)

मिट्टी के पर्दे से उठनेवाले इस क़यामत के फ़ितने का सारा प्रयास यह है कि इस सृष्टि को जिसमें वह चारों ओर से घिरा हुआ है देखे और समझे। हर समय और हर रंग में दुनिया के तमाशे में तन्मय और विभोर रहे और अपनी संकीर्ण आँखों को उन्मीलित करता रहे (११८)। अपने चारों ओर बिखरी छवि के पर्दे उठाये और उनके अर्थ तक पहुँचने के लिए दिल-ओ-जिगर का ख़ून कर डाले और यदि तत्त्व को समझने का सामान न हो तो भी रूप की जादूगरी के तमाशे में खोजाय (९२—४)। संभव है कि इस सौन्दर्योपासक और दर्शनाभिलाषी के लिए बहार को अवकाश न हो और निगार (सुन्दरी) को प्रेम न हो। न सही, बहार फिर बहार है, निगार फिर निगार है। चमन (उद्यान) की शीतलता और सुरभित समीर से और मा'शूक़ की मस्त अदा से तो इन्कार संभव नहीं है (२१०—६,१०)। कामना की अग्निशाला तो बहरहाल प्रज्वलित रखी जासकती है क्योंकि जबतक कल्पना,

کے مضامین شاذ و نادر ہی ملیں گے جو روایتی طور سے چلے آئے ہیں لیکن غالب کے اپنے مزاج کا حصہ نہیں ہیں،

غالب کا ذوق اپنی لذت کوشی اور لذت اندوزی میں حد و انتہا کا قائل ہی نہیں ہے، وہ حسن کو اس طرح جذب کرلینا چاہتا ہے کہ نگاہوں کو بھی اپنے اور معشوق کے درمیان حائل سمجھتا ہے (۴۲-۵). اس عالم میں ظاہر ہے کہ نگاہ کی کامیابی بھی اُسے سکون نہیں بخش سکتی اور وہ اپنے نامراد دل کی تسلی کے لئے تڑپتا رہ جاتا ہے (۱۵۳-۶) جب پینے پر آتا ہے تو خم کو ساغر بنا لینا چاہتا ہے (۱۳۴-۲) اور جب گناہوں پر اُترتا ہے تو دریائے معاصی تنک آبی سے خشک ہو جاتا ہے (۳۹-۶) غالب کی لذت طلبی کی نہایت خوبصورت مثال اردو کی مشہور غزل «مدت ہوئی یار کو مہماں کئے ہوئے» (۲۳۴) اور فارسی کی غزل «بیا کہ قاعدۂ آسماں بگردانیم» میں ملتی ہے جہاں وہ رطلِ گراں کی گردش سے قضا و قدر کو بھی بدل دینا چاہتا ہے، وہ جرأت رندانہ کے ساتھ شوق فضول کو بھی ضروری سمجھتا ہے (۱۸۹-۲) اور ایک نہایت لطیف «ہوسناکی» کی منزل میں پہنچ جاتا ہے، شاید یہ نکتہ جوانی کی بے راہ روی نے سمجھا دیا تھا کہ آوارگی میں رسوائی سہی لیکن طبیعت سان پر چڑھ جاتی ہے (۲۱۱-۳)

غالب کی «آوارگی» اور «ہوسناکی» پر شاہد اس کے دلچسپ پیمانے ہیں گریے کا پیمانہ حسرت دل اور حسرت کا پیمانہ ناکردہ گناہ (۲۳۱-۱۰) ماندگی کا پیمانہ پورے بیابان کی وسعت بھی نہیں' (۱۱) کیونکہ جب بیابان کے بیابان تھکن سے بھر جاتے ہیں تو رفتار شوق کی لہروں پر نقش قدم حبابوں کی طرح بہنے لگتے ہیں اور اس کی تسکین کے لئے دوجہان بھی کافی نہیں ہیں. (۱۰۳) سارا دشت امکاں تمنا کا صرف ایک قدم ہے (ضمیمہ ۱۲) غالب کی شاعری دوسرے قدم کی جستجو جو ایک مسلسل اضطراب، تڑپ، جلن' کسک اور حرکت میں تبدیل ہو گئی ہے. «شوق عناں گسیختہ دریا کہیں جسے» (۲۳۰-۵)

«شوق» غالب کا نہایت محبوب لفظ ہے اور اس خاندان کے دوسرے الفاظ تمنا، آرزو اور خواہش سے اس کی شاعری چھلک رہی ہے. جنون جو شوق کی انتہا ہے اس کو ہمیشہ اکساتا رہتا ہے. اس کو معلوم ہے کہ شوق انتہائی عاجزی میں بھی انسان کو سر بلند کردیتا ہے اور ذرے کو صحرا کی وسعت اور قطرے کو دریا کا تلاطم عطا کرتا ہے (۴۳-۳) اس لئے شوق اور طلب کی راہ میں وہ ایک لمحے کے لئے بھی آسودہ نہیں ہونا چاہتا. منزل سے کہیں زیادہ لذت منزل کی جستجو میں ہے. «جب میں بہشت کا تصور

अनुध्यान और अभिलाषा की संपत्ति पास है उस समय तक—

हर चे: दर मक़्द:-ए-फ़ैयाज बुवद आन-ए-मनस्त
गुल जुदा नाशुद: अज शाख़ बदामान-ए-मनस्त

(जो कुछ उदार सृष्टि के पास है मेरा है। डाल से न टूटा हुआ फूल मेरी गोद में है) इसलिए ग़ालिब की शा'अिरी में संसार, आनंद और इच्छा के त्याग के विषय कदाचित ही मिलेंगे जो परंपरागत रूप से चले आये हैं किन्तु ग़ालिब के अपने स्वभाव का अंश नहीं हैं।

ग़ालिब की अभिरुचि रस और आनंद की प्राप्ति में सीमाओं का बंधन नहीं मानती। वह सौन्दर्य को इस प्रकार आत्मसात कर लेना चाहता है कि निगाहों को भी अपने और मा'शूक़ के बीच बाधा समझता है (४२–५) इस स्थिति में स्पष्ट ही निगाह की सफलता भी उसे शांति प्रदान नहीं कर सकती और वह अपने अतृप्त हृदय की शांति के लिए तड़पता रह जाता है (१५३–६)। जब पीने पर आता है तो घड़े को प्याला बना लेना चाहता है (१३४–२) और जब गुनाहों पर आता है तो गुनाहों का सागर पानी की कमी से सूख जाता है (३९–६)। ग़ालिब की आनंद-तृष्णा का अति सुन्दर उदाहरण उर्दू की प्रसिद्ध ग़ज़ल "मुद्दत हुई है यार को मेहमाँ किये हुए" (२३४) और फ़ारसी की ग़ज़ल में मिलता है जहाँ वह अमूल्य मधुपात्र की गर्दिश से मृत्यु और मान्यताओं को भी बदल देना चाहता है। वह स्वच्छंद साहस के साथ अनुद्देश्य लालसा को भी आवश्यक समझता है (१८९–२) और एक अत्यंत मृदुल "लोलुपता" की मंजिल में पहुँच जाता है। शायद यह बात जवानी की बेराहरवी ने सिखलादी थी कि आवारगी में अपमान तो होता है लेकिन तबी'अत सान पर चढ़ जाती है (२११–३)।

ग़ालिब की आवारगी और लोलुपता के गवाह उसके दिलचस्प पैमाने (मापदण्ड) हैं। रोने का पैमाना वह गुनाह जो किये नहीं गये (२३१–१०) थकन का पैमाना पूरे बयाबान का विस्तार भी नहीं (११) क्योंकि जब बयाबान के बयाबान थकन से भर जाते हैं तो अभिरुचि की गति की लहरों पर पदचिन्ह बुलबुलों की तरह बहने लगते हैं और उसकी शान्ति के लिये दोजहान भी काफ़ी नहीं है (१०३)। सारा सम्भावनाजगत कामना का केवल एक क़दम मालूम होता है (ज़मीम: १२)। ग़ालिब का काव्य दूसरे क़दम की खोज है और यह खोज एक अविराम दुख, तड़प, जलन, कसक और गति में परिवर्तित हो गई है। "शौक़-ए-अिनाँ गुसेख़्त: दरिया कहें जिसे" (२३०–५)

"शौक़" ग़ालिब का अत्यंत प्रिय शब्द है और इस परिवार के अन्य शब्द तमन्ना, आरज़ू और ख़्वाहिश से उसकी कविता छलक रही है। जुनून

کرتا ہوں اور سوچتا ہوں کہ اگر مغفرت ہوگئی اور ایک قصر ملا اور ایک حور ملی، اقامت جاودانی ہے اور اسی ایک نیک بخت کے ساتھ زندگانی ہے، اس تصور سے جی گھبراتا ہے اور کلیجہ منہ کو آتا ہے۔ ہے ہے وہ حور اجیرن ہو جائے گی۔ طبیعت کیوں نہ گھبرائے گی۔ وہی زمردیں کاخ اور وہی طوبیٰ کی ایک شاخ» (ایک خط) اور غالب کے استاد نے ابتدائے جوانی میں یہ نکتہ سکھادیا تھا کہ شکر کا مزا چکھ لینا مگر مکھی بن کر شہد پر کبھی نہ بیٹھنا نہیں تو طاقت پرواز باقی نہیں رہے گی۔ اسی لئے غالب منزل کا نہیں راہ منزل کا آسودگی کا نہیں لذت تشنگی کا شاعر ہے۔

رشک بر تشنۂ تنہا روِ وادی دارم
نہ بر آسودہ دلانِ حرم و زمزمِ شان

نیش آرزو کی لذت ہی رہگذاروں کی لذت سے آشنا کرتی ہے(۱۷-۳) اور اس چیز نے غالب کی شاعری کو حرکت کے تصور سے سرشار کردیا ہے جس کا اظہار موج، طوفان، تلاطم، شعلہ، سیماب، برق اور پرواز کے الفاظ کی بہتات سے ہوتا ہے، یہ تصور رچ بس کر غالب کے جمالیاتی ذوق کا اہم جزو بن گیا ہے۔ چنانچہ غالب کا معشوق بھی برق و شرر ہے اور غالب اس کی رفتار کا پرستار۔ (۶۱-۵) (۱۵۹-۵)

اسی کے ساتھ غالب کی متحرک اور رقصاں امیجری (IMAGERY) ہے جو تصویرگری کی معراج ہے۔ جب وہ اپنی اچھوتی تشبیہوں اور نادر استعاروں کا جادو جگاتا ہے تو ایک ایک حرف نرت کرنے لگتا ہے، ٹھہرے ہوئے نقوش سیال ہوجاتے ہیں، مجرد خیال ایک پیکر رنگ و بو بن کر سامنے آجاتا ہے، دشت گرمیٔ رفتار سے جلنے لگتے ہیں (۷۰-۲) بیاباں رہرو کے قدموں کے آگے آگے بھاگنے لگتے ہیں (۱۹۱) صحرا کے جسم میں راستے نبضوں کی طرح دھڑکنے لگتے ہیں (فارسی قصیدہ ۲۶) بے جان پتھروں کے سینے میں ناتراشیدہ بت ناچنے لگتے ہیں (فارسی غزل) آئینوں کے جوھروں میں پلکیں لرزنے لگتی ہیں (۱۸-٤) شراب کے پیالوں کو اُٹھائے ہوئے ہاتھوں کی لکیروں میں خون دوڑنے لگتا ہے (۱۱۲-۱۳) معشوق کی گفتار سے دیواروں میں جان پڑجاتی ہے (۱۷٤) اور قد کی دلکشی دیکھ کر سرو و صنوبر سائے کی طرح ساتھ ساتھ گھومنے لگتے ہیں (۱۷٤-۲) پھولوں کی ڈالیاں انگڑائی لے کر بلند ہونے لگتی ہیں اور پھول خود بخود گوشۂ دستار کے پاس پھونچ جاتے ہیں (۷۳-٦) غرض ایک صاعقۂ و شعلہ و سیماب کا عالم ہوتا ہے(۱٦٤-۳)

(उन्माद) जो शौक़ की अंतिम मंजिल है उसको सदा उकसाता रहता है। उसे ज्ञात है कि शौक़ अत्यंत विनम्रता में भी मानव को गर्वोन्नत कर देता है और कण को मरुस्थल का विस्तार और बूँद को सागर का आवेग प्रदान करता है (४३—३)। इसलिए शौक़ और तलब (तृष्णा) की राह में वह एक क्षण के लिए भी निश्चित नहीं होना चाहता। मंजिल से कहीं अधिक रस मंजिल की जुस्तुजू (तलाश) में है। "जब मैं बिहिश्त (स्वर्ग) का तसव्वुर (कल्पना) करता हूँ और सोचता हूँ कि अगर मग़फ़िरत (मुक्ति) होगई और एक क़स्र (प्रासाद) मिला और एक हूर (अप्सरा) मिली अक़ामत (आवास) जाविदाँ (शाश्वत) है और इस एक नेकबख़्त के साथ जिन्दगानी है इस तसव्वुर से जी घबराता है और कलेजा मुँह को आता है। हय, हय वह हूर अजीरन होजायगी। तबीयत क्यूँ न घबरायगी वही ज़मुर्रदीं काख़ (पन्ने का घर) और वही तूबा (कल्पवृक्ष) की एक शाख़" । (एक पत्र से उद्धृत)। और ग़ालिब के उस्ताद ने युवावस्था के आरंभ में यह नुक़्ता सिखा दिया था कि शकर का मजा चख लेना मगर मक्खी बन कर शहद पर कभी न बैठना नहीं तो उड़ने की शक्ति बाक़ी नहीं रहेगी। इसीलिए ग़ालिब मंजिल का नहीं मंजिल के पथ का, तृप्ति का नहीं तृष्णा के रस का कवि है। प्यास बुझा लेना उसका उद्देश्य नहीं प्यास को बढ़ाना उसका आदर्श है।

रश्क बर तश्न:-ए-तन्हा रव-ए-वादी दारम्
न बर आसूद: दिलान-ए-हरम-ओ-जमजम-ए-शाँ

(ईर्ष्या मार्ग में अकेले भटकने वाले प्यासे से होती है न कि हरम-ओ-जमजम पर पहुँच कर तृप्त होजाने वालों से)। आरजू के डंक का आनंद रहगुजारों के आनंद से परिचित कराता है और इस चीज ने ग़ालिब की कविता को गति की भावना से भरपूर कर दिया है जिसका प्रकटीकरण मौज (तरंग) तूफ़ान, तलातुम (आवेग), शोला (ज्वाला), सीमाब (पारा), बर्क़ (बिजली) और परवाज (उड़ान) के शब्दों की बहुतायत से होता है। यह भाव रच-बस कर ग़ालिब के सौन्दर्यबोध का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। अतःएव ग़ालिब का मा'शूक़ भी बर्क़-ओ-शरर (बिजली और आग) है और ग़ालिब उसकी गति का उपासक (६१—९ व १९९—९)।

इसके साथ ग़ालिब की गतिवान और नर्त्तित इमेजरी [IMAGERY] है जो चित्रांकन की पराकाष्ठा है। जब वह अपनी अछूती उपमाओं और अनुपम रूपकों का जादू जगाता है तो हर अक्षर नृत्य करने लगता है। स्थिर चित्र तरल बन जाते हैं। एकाकी विचार रंग और सुगंध का एक आकार बनकर सामने आता है। अरण्य गति के उत्ताप से जलने लगते हैं (७०—२), बयाबान पथिक के क़दमों के आगे-आगे भागने लगते हैं (१६१),

اور عمر اضطراب کی راہوں پر چلتی ہے اور ماہ و سال کی پیمائش آفتاب کی گردش کے بجائے بجلیوں کی چمک اور تڑپ سے کی جاتی ہے۔ (۱۵۳)

غالب کے یہاں تخیل کے چھلاوے بھی اسی حقیقت کی غمازی کرتے ہیں۔ تخئیلی جست کہنے کے لئے ایک فنی خصوصیت ہے لیکن حقیقتاً یہ اضطراب باطن کی ظاہری صورت ہے۔ چونکہ وہ بہت سی باتیں ان کہی چھوڑ دیتا ہے اس لئے شعر مشکل ضرور ہوجاتا ہے لیکن اس سے شعر کا حسن بڑھ جاتا ہے اور معنی کا دامن زیادہ وسعت اختیار کرلیتا ہے:

تو اور آرائش خم کاکل

میں اور اندیشہ ہائے دور و دراز (۷۲-۲)

یہ نشاط انگیزی اور لذت اندوزی اور غم نوشی اور آرزو مندی جو سمٹ کر جنبش و حرکت کے تصور اور تخیل کے چھلاووں میں تبدیل ہوگئی ہے اتفاقی چیز نہیں ہے۔ یقیناً اس میں غالب کی اُفتادِ طبع اور صوفیانہ شاعری کی ان روایات کو بڑا دخل ہے جو صحت مند ہیں۔ لیکن بات صرف اتنی نہیں ہے۔ غالب کا نفسیاتی تجزیہ بھی یہ تقاضا کرتا ہے کہ ماحول کے اثرات کو نظر انداز نہ کیا جائے۔ دنیا کو «آئینۂ آگہی» کہنے والا اور اس کے تماشے پر زور دینے والا، شاعری کو قافیہ پیمائی کے بجائے معنی آفرینی کا درجہ دینے اور قلم کی جنبش پر عقل کی پابندیاں عائد کرنے والا (مغنی نامہ) شاعر اپنے گرد و پیش سے بے خبر رہ کر صرف اپنے خونِ دل کے اُچھالنے پر اکتفا نہیں کرسکتا تھا:

چاک مت کر جیب بے ایام گل

کچھ اُدھر کا بھی اشارہ چاہئے (۱۹۰-٤)

جب وہ کہتا ہے کہ انجمنِ آرزو سے باہر سانس لینا بھی حرام ہے (۵۷) تو یہ محض چند سکوں، چند پیالوں اور چند بوسوں کی آرزو نہیں ہے بلکہ ایک ناآفریدہ گلشن کی تمنا ہے جس کے نشاطِ تصور نے نغمہ سنجی پر مجبور کردیا ہے (ضمیمہ ۲۱) اور اس ناآفریدہ گلشن کو صرف ذاتی خواہشات کا گلشن سمجھ لینا غالب کی توہین ہے۔ اس میں سماجی امکانات کا تصور اس لئے شامل ہے کہ غالب کے پاس سماجی ارتقا کا ایک معقول تصور تھا اور حسرتِ تعمیر اس کے سینے کا سب سے بڑا درد (۱۳٦) غزل کے کسی شعر کے متعلق یہ کہنا کہ اس کا اصل محرک کیا تھا مشکل ہے کیوں کہ اس پر استعاروں کے حجاب پڑے ہوئے ہیں (٦۰-٦، ۷) لیکن غالب نے اپنے خطوط میں غدر سنہ ۱۸۵۷ء کی تباہی کے بعد دہلی کے جو دلدوز مرثیے لکھے

बेजान पत्थरों के सीने में अनगढ़ी मूर्तियाँ नृत्य करने लगती हैं (फ़ारसी ग़ज़ल) आइनों के जौहर में पलकें विकंपित हो उठती हैं (१८—४), मदिरा-पात्रों के हाथों की रेखाओं में रक्त दौड़ने लगता है (११२—१३), मा'शूक़ के वार्त्तालाप से दीवारों में जान पड़ जाती है (१७४) और क़द की मोहकता देखकर सर्व-ओ-सनोवर छाया की भाँति साथ-साथ घूमने लगते हैं (१७४—२) फूलों की डालियाँ अँगड़ाई लेकर उन्मुख होने लगती हैं और फूल स्वयमेव गोशः-ए-दस्तार के पास पहुँच जाते हैं (७३—६) बस एक बिजली और आग और पारे की सी हालत होती है (१६४—३) और उम्र व्याकुलता की राहों पर चलती है और माह व वर्ष की माप सूर्य की गर्दिश के बजाय बिजलियों की चमक और तड़प से की जाती है (१९३)। ग़ालिब के यहाँ कल्पना के छलावे भी इसी यथार्थ की चुग़ली खा रहे हैं। कल्पना की छलाँग कहने के लिये एक कलात्मक विशेषता है किन्तु वास्तव में यह छिपी हुई व्याकुलता का प्रकट रूप है। चूँ कि वह बहुत सी बातें अनकही छोड़ देता है इसलिए शे'र दुरूह अवश्य हो जाता है लेकिन इससे शे'र का सौन्दर्य बढ़ जाता है और अर्थ का अँचल अधिक विस्तार धारण कर लेता है —

तू और आराइश-ए-ख़म-ए-काकुल
मैं और अंदेशःहा-ए-दूर-ओ-दराज़ (७२—२)

यह हर्ष और आनंद बटोरने, और दुख झेलने और कामना की कैफ़ियतें जो सिमटकर कमान और गति की कल्पना और विचारों के छलावों में परिणत हो गई है, आकस्मिक चीज नहीं है। निश्चय ही इसमें ग़ालिब के स्वभाव के तीखेपन और सूफ़ियाना शा'अिरी की उन परम्पराओं का बड़ा हाथ है जो स्वस्थ हैं। लेकिन बात केवल इतनी ही नहीं है। ग़ालिब का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण भी यह तक़ाज़ा करता है कि वातावरण के प्रभावों से दृष्टिविमुख न हुआ जाय। दुनिया को "चेतना दर्पण" कहने वाला और उसके तमाशे पर जोर देने वाला शा'अिरी को क़ाफ़िय: पैमाई (तुकबन्दी) के बजाय अर्थपूर्णता का दर्जा देनेवाला और लेखनी के कम्पन पर बुद्धि के बन्धन लगाने वाला (मुग़न्नी नामः) शा'अिर अपने वातावरण से अनभिज्ञ रह कर केवल अपने ख़ून-ए-दिल के उछालने पर सन्तुष्ट नहीं होसकता था—

चाक मत कर जैब बे अय्याम-ए-गुल
कुछ उधर का भी इशारा चाहिये [१९०—४]

जब वह कहता है कि अंजुमन-ए-आर्ज़ू (कामना की महाफ़िल) से बाहर साँस लेना भी हराम है (५७) तो यह केवल चन्द सिक्कों, चन्द प्यालों और चन्द चुम्बनों की आरज़ू नहीं है बल्कि एक अरचित-उद्यान की कामना है जिसकी कल्पना के आनन्द ने गीत छेड़ने पर मजबूर कर दिया है

ہیں اُنہیں میں ایک جگہ یہ حسرتِ تعمیر کا شعر بھی لکھا ہوا نظر آتا ہے :
« دلی کا حال تو یہ ہے :

گھر میں تھا کیا کہ ترا غم اُسے غارت کرتا
وہ جو رکھتے تھے ہم اک حسرتِ تعمیر سو ہے»

ان چھ لفظوں اور دو مصرعوں کے پیچھے غالب کے خیالات کی ایک دنیا آباد ہے جو غالب کے خطوط میں دیکھی جاسکتی ہے ۔ سنہ ۱۸۵۷ء سے بہت پہلے غالب نے یہ اندازہ کر لیا تھا کہ مغل تہذیب اور سماج کا چراغ اب ہمیشہ کے لئے گل ہونے والا ہے ۔ حالانکہ اس کی قدیم قدریں غالب کو بہت عزیز تھیں لیکن اس کو یہ بھی علم تھا کہ اب عمارت بے بنیاد ہوچکی ہے اور جڑیں کھوکھلی ہیں ۔ ہوا کا کوئی بھی جھونکا اسے گرا سکتا ہے ۔ غالب کے ذاتی حالات بھی اس سے ملتے جلتے تھے ۔ جو سوگ گھر میں تھا وہی آگرہ اور دہلی پر طاری تھا اور دونوں نے مل کر غالب کو ابتدائے جوانی ہی سے اُداس کر دیا تھا ۔

لیکن اسی کے ساتھ غالب نے اس نئی دنیا کی بھی جھلک دیکھ لی تھی جو سائینس اور صنعت کی ترقی کے ساتھ آرہی تھی وہ انگریزی سرمایہ داری کی استحصالی طاقت کا اندازہ نہ کرسکا (اور اگر کیا ہو تو اس کا ثبوت نہیں ملتا) لیکن انگریزوں کی لائی ہوئی سائینس اور صنعت نے اُسے اتنا متاثر کیا کہ جب غدر سے کئی سال پہلے سر سید احمد خاں نے ابوالفضل کی آئین اکبری کی تصحیح کی اور غالب سے اس پر تقریظ لکھنے کی خواہش ظاہر کی تو غالب نے غزل کے استعاروں کے سارے حجابات بالائے طاق رکھ کر صاف صاف لفظوں میں کہدیا کہ آنکھیں کھول کر صاحبان انگلستان کو دیکھو کہ یہ اپنی ہنر مندی میں اگلوں سے آگے بڑھ گئے ہیں ۔ انہوں نے ہوا اور موج کو بیکار کر کے آگ اور دھوئیں کی طاقت سے اپنی کشتیاں سمندروں میں تیرا دی ہیں ۔ یہ بغیر مضراب کے نغمے پیدا کر رہے ہیں اور ان کے جادو سے الفاظ چڑیوں کی طرح اُڑتے ہیں ۔ ہوا میں آگ لگ جاتی ہے اور بغیر چراغ کے شہر روشن ہوجاتے ہیں اس آئین کے سامنے باقی سارے آئین فرسودہ ہوچکے ہیں ۔ جب موتیوں کا خزانہ سامنے ہو تو پرانے کھلیانوں سے خوشہ چینی کی کیا ضرورت ہے ۔ یہ کہنے کے بعد غالب نے جو نتیجہ نکالا ہے وہ اہم ہے آئین اکبری کے اچھے ہونے میں کیا شبہ ہے لیکن مبداء فیاض کو بخیل نہیں سمجھنا چاہئے کیوں کہ خوبی کا کوئی انت نہیں ہے ۔ خوب سے خوبتر کا سلسلہ جاری رہتا ہے ۔ اس لئے مردہ پرستی مبارک کام نہیں ۔ (فارسی مثنوی ۱۰)

(जमीम: २१) और उस अरचित उद्यान को केवल निजी इच्छा का उद्यान समझ लेना, ग़ालिब का अपमान है। इसमें सामाजिक संभावनाओं की कल्पना इसलिए सम्मिलित है कि ग़ालिब के पास सामाजिक प्रगति का एक उत्तम विचार मौजूद था और निर्माण की अभिलाषा उसके दिल का सबसे बड़ा दर्द (१३६)। ग़ज़ल के किसी शे'र के संबंध में यह कहना कि उसका वास्तविक प्रेरक क्या था, कठिन है क्योंकि उसपर रूपकों के आवरण पड़े होते हैं (६०–६, ७)। लेकिन ग़ालिब ने अपने पत्रों में ग़दर [१८५७] की तबाही के बाद देहली के जो हृदय विदारक मर्सिये लिखे हैं उन्हींमें एक जगह यह हसरत-ए-तामीर [निर्माण की अभिलाषा] का शे'र भी लिखा हुआ नजर आता है— "दिल्ली का हाल तो यह है—

घर में था क्या कि तिरा ग़म उसे ग़ारत करता
वो जो रखते थे हम इक हसरत-ए-ता'मीर सो है" [१३६]

इन छ: शब्दों और दो पंक्तियों के पीछे ग़ालिब के विचारों की एक दुनिया आबाद है जो ग़ालिब के पत्रों में देखी जासकती है। १८५७ से बहुत पहले ग़ालिब ने यह अनुमान कर लिया था कि मुग़ल संस्कृति और समाज का दीप अब सदा के लिए बुझनेवाला है। यद्यपि इसकी प्राचीन मान्यताएँ ग़ालिब को बहुत प्रिय थीं लेकिन उसे यह भी ज्ञात था कि इमारत बेबुनियाद हो चुकी है और जड़ें खोखली हैं। हवा का कोई भी झोंका उसे गिरा सकता है। ग़ालिब के निजी हालात भी इससे मिलते जुलते थे। जो सोग घर में था वही आगरे और देहली पर छाया था और दोनों ने मिलकर ग़ालिब को युवावस्था के आरंभ ही से उदास कर दिया था।

लेकिन इसीके साथ ग़ालिब ने उस नयी दुनिया की झलक देख ली थी जो विज्ञान और उद्योग की प्रगति के साथ आ रही थी वह अंग्रेज़ी पूँजीवाद की शोषण-शक्ति का अनुमान न लगा सका (और यदि लगाया हो तो उसका सुबूत नहीं मिलता) लेकिन अँग्रेज़ों के लाये हुए विज्ञान और उद्योग ने उसे इतना प्रभावित किया कि जब ग़दर से कई वर्ष पहले सर सैयद अहमद ख़ाँ ने अबुल फ़ज़्ल की "आईन-ए-अकबरी" का परिशोधन किया और ग़ालिब से उसकी समीक्षा लिखने की इच्छा प्रकट की तो ग़ालिब ने ग़ज़ल के रूपकों के सारे आवरण अलग रखकर कर स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि आँखें खोल कर साहिबान-ए-इंग्लिस्तान को देखो कि ये अपने कला-कौशल में अगलों से आगे बढ़ गये हैं। उन्होंने हवा और लहरों को बेकार करके आग और धुएँ की शक्ति से अपनी नावें सागर में तैरा दी हैं। यह बिना मिज़राब के सँगीत उत्पन्न कर रहे हैं और उनके जादू से शब्द चिड़ियों की तरह उड़ते हैं, हवा में आग लग जाती है और फिर बिना दीप के नगर आलोकित हो जाते हैं।

اس کے بعد کوئی شبہ نہیں رہ جاتا کہ غالب کے پاس سماجی ارتقا کا ایک معقول تصور تھا (مہر نیمروز کا تصور صفحہ ۱۱) اور وہ اکبری عہد کے آئین کے مقابلے میں نئے صنعتی نظام کو ترجیح دیتا تھا اور سائینس کی ایجادات اور تصورات کو شاعری میں جگہ دینے کے حق میں تھا (خطوط ۔ مہر ۵٤۸) غالب کے لئے یہ اندازہ کرنا مشکل تھا کہ اس نئے نظام کے سماجی رشتے کیا ہیں اور اس کی فطرت میں کس قسم کی غارتگری ہے۔ لیکن اس کا ایک شعر ایسا ضرور ہے جو ایک لمحے کے لئے چونکا دیتا ہے:

غارت گرِ ناموس نہ ہو گر ہوسِ زر
کیوں شاہدِ گل باغ سے بازار میں آوے (۱۷٤ ـ ۸)

غزل غنائی اور داخلی شاعری کی معراج ہے اس لئے اس کے اشعار میں ذاتی جذبے اور سماجی اضطراب کے درمیان حد کھینچنا مشکل ہے پھر بھی یہ محسوس کرلینا مشکل نہیں کہ غالب اپنے عہد سے بے انتہا مایوس تھا۔ اس مایوسی میں ذاتی نارسائیوں اور سماجی معذوریوں نے مل کر ایک کیفیت پیدا کردی ہے۔ غالب کو زندگی جس طرح بھگتنی پڑی وہ ایک حساس دل کا خون کردینے کے لئے کافی ہے۔ پانچ برس کی عمر میں باپ کا اور آٹھ نو برس کی عمر میں چچا کا سایہ سر سے اُٹھ گیا۔ ایک خوش حال ننھیال میں ماں کے بے رنگ آنچل کے نیچے بچپن گذارا اور ابتدائی جوانی کی چند روزہ فرصت گناہ کے بدلے عمر بھر کی ناکامی، نامرادی، تپش اور جلن ملی۔ اٹھارہ اُنیس برس کی عمر سے زندگی کی سفاکیوں کا مقابلہ کرنے کے لئے تنہا میدان میں اترنا پڑا۔ آمدنی کا کوئی ذریعہ نہیں تھا۔ باپ اور چچا کی موت کے بعد جو جاگیر پرورش کے لئے ملی تھی اس کا زیادہ حصہ لوگ کھاگئے اور غالب عمر بھر ہاتھوں میں عرضیاں اور قصیدے لئے ہوئے دہلی، لکھنؤ، کلکتہ، رام پور در بدر ٹھوکریں کھاتا پھرا۔ نااہل اہلِ دولت اور انگریز افسروں کی جھوٹی تعریف میں خونِ دل اُگلا اور اس کے بعد بھی قرض کی شراب پی اور بھیک پر زندگی گذاری۔ مرتے وقت (دہلی ۱۵ فروری سنہ ۱۸٦۹ء) بھی یہ تلخ احساس ساتھ تھا کہ بیوہ بیوی پر مفلسی اور ناداری میں کیا بیتے گی۔ یہ بھی ہوا کہ قرض خواہوں کی نالش اور ڈگریوں کے ڈر سے گھر میں چھپ کر بیٹھنا پڑا اور کسی دشمن کی سازش سے جوئے (شطرنج اور چوسر) کی لت میں قیدخانے کی ذلت برداشت کرنی پڑی۔ مغل دربار میں جس کی بہار لٹ چکی تھی وہ قدر و منزلت بھی نہ ملی جو کم تر قسم کے شاعروں کو

इस विधान के आगे बाक़ी सारे विधान जीर्ण हो चुके हैं। जब मोतियों का ख़ज़ाना सामने हो तो पुराने खलियानों से दाने चुनने की क्या आवश्यकता है। यह कहने के बाद ग़ालिब ने जो निष्कर्ष निकाला है वह महत्वपूर्ण है। आईन-ए-अकबरी के अच्छा होने में क्या संदेह है, लेकिन उदार सृष्टि को कृपण नहीं समझना चाहिए क्योंकि गुणों का कोई अन्त नहीं है। ख़ूब से ख़ूब-तर का क्रम जारी रहता है। इसलिए मृतकोपासना शुभ कार्य नहीं है (फ़ारसी मसनवी नं १०)।

इसके बाद कोई संदेह नहीं रह जाता कि ग़ालिब के पास समाज-विकास का एक उत्तम आदर्श था और वह अकबर-कालीन विधान की तुलना में नये औद्योगिक विधान को प्रधानता देता था और विज्ञान के आविष्कारों और विचारों को शा'इरी में स्थान देने के पक्ष में था (ख़ुतूत--मेहर ५४८)। ग़ालिब के लिए यह अनुमान लगाना कठिन था कि इस नयी व्यवस्था के सामाजिक संबंध क्या हैं और इसकी प्रकृति में किस प्रकार की विनाशकता है। लेकिन इसका एक शे'र ऐसा अवश्य है जो एक क्षण के लिए चौंका देता है--

ग़ारतगर-ए-नामूस न हो गर हवस-ए-ज़र
क्यों शाहिद-ए-गुल बाग़ से बाज़ार में आवे (१७४--८)

ग़ज़ल गीतिमय (ग़िनाई, LYRICAL) और आंतरिक (SUBJECTIVE) काव्य की पराकाष्ठा है। इसलिए इसके शे'रों में व्यक्तिगत मनोभाव और सामाजिक व्याकुलता के मध्य सीमा निर्धारित करना कठिन है, फिर भी यह अनुभव कर लेना कठिन नहीं कि ग़ालिब अपने युग से अत्यंत निराश था। इस निराशा में निजी असमर्थताओं (नारसाइयों) और समाजी विवशताओं ने मिलकर एक कैफ़ियत पैदा करदी थी। ग़ालिब को जिन्दगी जिस तरह भुगतनी पड़ी वह एक भावुक हृदय का ख़ून करदेने के लिए काफ़ी है। पाँच वर्ष की आयु में बाप का और आठ-नौ वर्ष की आयु में चचा का साया सर से उठ गया। एक संपन्न ननिहाल में माँ के बेरंग आँचल के नीचे बचपन व्यतीत किया और आरंभिक युवावस्था की चंदरोज़ा फ़ुरसत-ए-गुनाह के बदले उम्र भर की असफलता, विफलता, उत्ताप और जलन मिली। अठारह-उन्नीस वर्ष की आयु से जीवन की निर्ममताओं का सामना करने के लिए अकेले मैदान में उतरना पड़ा। आय का कोई साधन नहीं था। बाप और चचा की मृत्यु के बाद जो जागीर पालन-पोषण के लिए थी उसका अधिकांश लोग खा गये और ग़ालिब उम्र भर हाथों में अर्जियाँ और क़सीदे लिये हुए देहली, लखनऊ, कलकत्ता, कानपुर, दर--बदर ठोकरें खाता फिरा, अयोग्य धनवानों और अंग्रेज अफ़सरों की झूठी प्रशंसा में हृदय-रक्त उगला और उसके बाद भी क़र्ज़ की शराब पी और भीख पर जिन्दगी गुज़ारी। मरते समय [दिल्ली, १५ फ़रवरी १८६९] भी यह कटु अनुभूति

مل رہی تھی اور آخر عمر میں ایک علمی بحث کے جرم میں برسوں مسلسل ماں بہن کی گالیاں کھانی پڑیں۔ جوانی میں جوان محبوبہ کا جنازہ آنکھوں کے سامنے اُٹھ گیا جس کی ادائیں عمر بھر تڑپاتی رہیں۔ گھر میں بچوں کے کھیل کود کے بجائے اُن کی لاشیں نظر آئیں۔ جس بھانجے کو گود لیا تھا وہ جوان مر گیا۔ دلی آنکھوں کے سامنے اُجڑی۔ دوست احباب انکھوں کے سامنے قتل ہوئے۔ ہم عصر شعرا اور علما پھانسیوں پر چڑھا دئے گئے اور کالے پانی بھیج دئے گئے اور غالب کے لئے «ماتم یک شہر آرزو» (۱۷ ـ ۲) کے سوا کچھ باقی نہیں رہ گیا۔ ان حالات میں وہ یہی کہنے پر مجبور تھا:

نہ گل نغمہ ہوں نہ پردۂ ساز
میں ہوں اپنی شکست کی آواز (۷۲)

غالب کو یہ دکھ تھا کہ «قلندری و آزادگی و ایثار و کرم» کے جو جوہر اس کو ودیعت ہوئے تھے وہ ظہور میں نہ آئے «اگر تمام عالم میں نہ ہو سکے نہ سہی، جس شہر میں رہوں اس شہر میں تو بھوکا ننگا نظر نہ آئے۔ خدا کا مقہور، خلق کا مردود، بوڑھا، ناتواں، بیمار، فقیر، نکبت میں گرفتار، میرے اور معاملات کلام و کمال سے قطع نظر کرو۔ وہ جو کسی کو بھیک مانگتے نہ دیکھ سکے اور خود در بدر بھیک مانگے وہ میں ہوں» (ایک خط) اس خط کے پیچھے غالب کا تصور انسان کار فرما ہے جس کو اس نے اپنے ایک فارسی قصیدے (۲٦) میں بھی پیش کیا ہے۔ ایک اور جگہ کہتا ہے کہ خدا نے صرف ایمان کا شعلہ روشن کیا ہے، تمدن اور شہروں کی آرائش تو انسان سے ہے۔ (ضمیمہ ۳٤) جب اس انسان کی رسوائی غالب سے برداشت نہ ہو سکی تو کبھی تو خدا سے فریاد کی کہ آج ہم اتنے ذلیل کیوں ہیں (۹۹/ ۲) اور کبھی یہ کہہ کر دل کو تسکین دے لی:

آرائش زمانہ ز بیداد کردہ اند
ہر خوں کہ ریخت غازۂ روئے زمیں شناس

مایوسی کا آہنگ غالب کی بے شمار غزلوں اور شعروں میں ملتا ہے وہ اس کی انتہائی سادہ اور مؤثر تخلیقات ہیں جو دل سے ایک چیخ بن کر باہر نکلی ہیں (۲۱، ۱٦۱، ۱٦۲، ۱٦۳، ۲۱٦) یہ آہوں کی طرح ظاہری آرائش سے پاک ہیں۔ لیکن غالب کی عظیم شخصیت اس کی مایوسی کو محض جذبے کی سطح سے بلند کر کے ذہن کی سطح پر لے آتی ہے اور غالب لڑنے کے لئے اپنے ہتھیار سنبھال لیتا ہے اور اپنی تلخ نوائی کو طنز میں تبدیل کر دیتا ہے:

साथ थी कि विधवा पत्नी पर ग़रीबी और निर्धनता में क्या बीतेगी। यह भी हुआ कि ऋणदाताओं की नालिश और डिग्रियों के डरसे घर में छिपकर बैठना पड़ा और किसी शत्रु के षड्यंत्र से जुए (शतरंज और चौसर) की लत में क़ैदख़ाने का अपमान सहन करना पड़ा। मुग़ल दरबार में, जिसकी बहार लुट चुकी थी, वह आदर-पद भी न मिला जो निम्नतर कोटि के कवियों को प्राप्त हो रहा था और आयु के अन्तिम चरण में एक बौद्धिक वाद-विवाद के अपराध में बरसों माँ-बहन की गालियाँ खानी पड़ीं। युवावस्था में युवती प्रेयसी का जनाज़ा आँखों के सामने उठ गया जिसकी अदाएँ उम्रभर तड़पाती रहीं। घर में बच्चों के खेल-कूद के बजाय उनकी लाशें नज़र आयीं। जिस भांजे को गोद लिया था वह जवान मर गया, दिल्ली आँखों के सामने उजड़ी, बंधु-बांधव आँखों के सामने क़त्ल हुए, समकालीन कवि और विद्वान फाँसियों पर चढ़ा दिये गये और काले पानी भेज दिये गये और ग़ालिब के लिए "मातम-ए-यक शहर-ए-आरज़ू" (कामना नगरी का शोक) (१७–२) के अतिरिक्त कुछ बाक़ी नहीं रह गया। इन हालात में वह यही कहने पर विवश था—

न गुल-ए-नग़्मः हूँ न पर्दः-ए-साज़
मैं हूँ अपनी शिकस्त की आवाज़ [७२]

ग़ालिब को यह दुख था कि "क़लंदरि-ओ-आज़ादगि-ओ-ईसार-ओ-करम" (स्वतंत्रता, त्याग और उदारता) के जो जौहर उसको मिले थे वह प्रकट न होसके। "अगर तमाम 'आलम में न होसके न सही, जिस शहर में रहूँ उस शहर में तो भूखा-नंगा नज़र न आये। ख़ुदा का मक़्हूर (कोप-भाजन) ख़ल्क का मरदूद (बहिष्कृत) बूढ़ा, नातवान (दुर्बल), बीमार, फ़क़ीर, नक़बत (दरिद्रता) में गिरफ़्तार मेरे और मुआमिलात-ए-कलाम-ओ-कमाल (कविता और गुण) से क़त्'-ए-नज़र करो (अनदेखा करो)। वह जो किसी को भीख माँगते न देख सके और ख़ुद दर-बदर भीख माँगे वह मैं हूँ" (एक ख़त)। इस ख़त के पीछे ग़ालिब का मानव के संबंध में विचार काम कर रहा है जिसको उसने अपने एक फ़ारसी क़सीदे (२६) में भी प्रस्तुत किया है। एक और जगह कहता है कि ख़ुदा ने सिर्फ़ ईमान की ज्योति जगाई है। सभ्यता और शहरों का शृंगार तो मनुष्य से है (ज़मीमः ३४)। जब उस मनुष्य का अपमान ग़ालिब से सहन न होसका तो कभी तो ख़ुदा से फ़रियाद की कि आज हम इतने पतित क्यों हैं (९९–६) और कभी यह कह कर दिलको दिलासा दे लिया—

आराइश-ए-ज़माना ज़ि बेदाद करदः अन्द
हर ख़ूँ कि रेख़्त ग़ाज़ः-ए-रू-ए-ज़मीं शनास

(ज़माने का शृंगार अत्याचार से किया गया है और जो भी रक्त प्रवाहित

کیا وہ نمرود کی خدائی تھی
بندگی میں مرا بھلا نہ ہوا (۲۷-۶)

وہ انتہائی مشکل حالات میں بھی جی کھول کر ہنسنا جانتا ہے. اس پر غالب کے ان گنت لطیفے اور خطوط گواہ ہیں کہ اس نے بھوک، موت، تذلیل ہر چیز کا مقابلہ ایک مردانہ زہر خند سے کیا. طنز کے تیر ناداری اور بیزاری کے زہر میں بجھائے جاتے ہیں اور خود اعتمادی اور انانیت کی کمان سے پھینکے جاتے ہیں. بظاہر یہ خوش دلی کا معمولی سا عمل معلوم ہوتا ہے لیکن دراصل یہ ایک سپر تھی جسے غالب نے زمانے کے واروں سے بچنے کے لئے استعمال کیا. اور اس کی چوٹ غالب کی شاعری پر پڑ رہی ہے. (۸۰-۲۰۲ ۹-۳، ۱۰۹، ۱۲۷-٤، ۱۷۵، ۲۰۲، ۲۲۰)
وہ طنز اور ظرافت کی چھلنی میں آنسوؤں کو چھان دیتا ہے اور چھلنی کے بھیگے ہوئے چھیدوں پر بے شمار مسکراتے ہوئے ہونٹوں کا گمان ہوتا ہے:

کی مرے قتل کے بعد اس نے جفا سے توبہ
ہائے اس زود پشیماں کا پشیماں ہونا
(۱۸-۸)

یہ فتنہ آدمی کی خانہ ویرانی کو کیا کم ہے
ہوئے تم دوست جس کے دشمن اسکا آسماں کیوں ہو (۱۲۷-۸)

یہ بڑا لطیف مگر انتہائی تیکھا طنز ہے جو ہنس ہنس کر زخم کھانے کی توفیق عطا کرتا ہے اور اس توفیق ہی میں غالب کی خود داری اور انفرادیت کا راز پوشیدہ ہے جسے زمانے کے مصائب نے انانیت اور خود پرستی میں تبدیل کر دیا ہے:

زمانہ سخت کم آزار ہے، بجانِ اسد
وگرنہ ہم تو توقع زیادہ رکھتے ہیں (۱۱۰)

یہ زیادہ مضبوط سپر تھی. اس کے بغیر آشوب دہر کا مقابلہ ممکن نہیں تھا. غالب کی انانیت کبھی کسی کو خاطر میں نہیں لائی. نہ غم عشق کے سامنے اس کا سر جھکا نہ غم روزگار کے. مجنوں ہو یا فرہاد، خضر ہو یا سکندر، زمانہ ہو یا خوبانِ دل آزار، کوئی غالب کی آنکھوں میں نہیں سماتا. وہ خدا کی بندگی میں بھی آزادۂ و خود بیں رہا (۲۳-۲) اور بے وفاؤں کے عشق میں بھی (۱۲۷-٤) اس کا سب سے زیادہ خوبصورت اظہار اس غزل میں ہے « بازیچۂ اطفال ہے دنیا مرے آگے » (۲۰۹)
یہ شان قصیدوں میں بھی برقرار رہتی ہے حالانکہ یہ غالب کی شاعری اور زندگی کا کمزور پہلو ہے. لیکن اس کا اعتراف نہ کرنا ظلم ہوگا کہ حالات

किया गया है वह धरती का अंगराग बन गया है)।

निराशा का स्वर ग़ालिब की अनगिनत ग़ज़लों और शे'रों में मिलता है। वह उसकी अत्यंत सहज और प्रभावशाली रचनाएँ हैं जो दिल से एक चीख़ बनकर बाहर निकली हैं (२१, १६१, १६२, १६३, २१६)। ये आहों की तरह प्रकट शृंगार से अरंजित हैं। लेकिन ग़ालिब का महान व्यक्तित्व उसकी निराशा को केवल भावुकता के स्तर से उठाकर बुद्धि और ज्ञान के स्तर पर ले आता है और ग़ालिब लड़ने के लिये अपने हथियार सम्भाल लेता है और अपनी तल्ख़ नवाई [कटु वाणी] को व्यंग में बदल देता है।

क्या वह नमरूद की ख़ुदाई थी
बन्दगी में मिरा भला न हुआ (२७–६)

वह अत्यन्त कठिन अवस्था में भी जी खोल कर हँसना जानता है। इसपर ग़ालिब के अनगिनत चुटकुले और पत्र गवाह हैं कि उसने भूख, मौत, अपमान, हर चीज का सामना एक मर्दाना जहरीली हँसी से किया। व्यंग के तीर विफलता और असन्तोष के विषय में बुझाये जाते हैं और आत्मविश्वास और अहं के धनुष से फेंके जाते हैं। प्रकटतः यह खुशदिली की मामूली सी क्रिया मालूम होती है लेकिन वास्तव में वह एक ढाल थी जिसका ग़ालिब ने जमाने के वारों से बचने के लिये उपयोग किया। इस ख़ुशदिली की छाप ग़ालिब की शा'अिरी पर पड़ रही है [८०–२, ९२–३, १०९, १२७–४, १७९, २०२, २२०]। वह व्यंग और हास्य की छलनी में ख़ून के आसुओं को छान देता है और छलनी के भीगे हुए छेदों पर असंख्य मुस्कुराते हुए होंठों का भ्रम होता है।

की मिरे क़त्ल के बा'द उसने जफ़ा से तौब:
हाय उस ज़ूद पशेमाँ का पशेमाँ होना
(१८–८)

यह फ़ित्न: आदमी की ख़ाना वीरानी को क्या कम है
हुए तुम दोस्त जिसके दुश्मन उसका आस्माँ क्यों हो (१२७-८)

यह बड़ा तीखा व्यंग है जो हँस-हँस कर ज़ख़्म खाने का सामर्थ्य प्रदान करता है। और इस सामर्थ्य ही में ग़ालिब के आत्मसम्मान और व्यक्तित्व [INDIVIDUALITY] का भेद छुपा हुआ है जिसे जमाने की विपत्तियों ने अहं और आत्मश्लाघा में बदल दिया—

ज़मान: सख़्त कम आज़ार है, बजान-ए-असद
वगरन: हम तो तवक़्क़ो'अ ज़ियाद: रखते हैं (११०)

यह अधिक मज़बूत ढाल थी। इसके बिना संसार के दुखों का सामना सम्भव नहीं था। ग़ालिब के अहं ने कभी किसी की परवा नहीं की। न प्रेम-

زمانہ سے مجبور ہوکر اس نے اپنا ہاتھ ضرور پھیلایا لیکن اس کو ہمیشہ ذلیل پیشہ سمجھتا رہا («غیر کیا خود مجھے نفرت مری اوقات سے ہے ») اور کلیات فارسی کے دیباچہ میں اس پر افسوس کیا ہے کہ آدھی شاعری نا اہلوں کی قصیدہ خوانی پر صرف ہوگئی۔ یہی وجہ ہے کہ قصیدوں کا مدحیہ حصہ کمزور ہے اور تشبیب کا حصہ نہایت زور دار اور شاعرانہ۔ اس کو یہ احساس بڑی شدت سے تھا کہ جس کی قصیدہ خوانی کررہا ہوں اس سے میرا درجہ بلند ہے اور بعض قصیدوں میں اس کا اظہار کرنے کے لئے غالب نے اپنی تعریف کا پہلو نکال لیا ہے۔

غالب کی آخری پناہ گاہ اس کا تصور اور تخیل ہے کیوں کہ «مفلسوں کا مدار حیات خیالات پر ہے» (ایک خط) اس دنیا میں پہونچ کر وہ کائنات پر حکمرانی کرنے لگتا ہے اور زندگی کی ہر کمی کو پورا کرلیتا ہے۔ یہ خوابوں کی دنیا ہے اور یہاں خوابوں کی تخلیق کرنے والے کے سوا کسی کی حکمرانی نہیں چلتی۔ یہاں بادشاہ اژدہے معلوم ہونے لگتے ہیں اور شاعر پیغمبر ہوجاتا ہے اور جبرئیل اس کے ناقۂ شوق کا حدی خواں۔ یہاں سفاکی نہیں ہے صرف دزدمندی ہے۔ حسرتیں نہیں ہیں صرف نشاط کامرانی ہے۔ قدح سازی اور ساقی تراشی ہے۔ پیاس جتنی بڑھتی ہے دریا کا جوش بھی اتنا ہی زیادہ ہوتا ہے۔ برے حالات میں جینے کا حوصلہ بیدار ہوتا ہے اور خون جگر پی کر چہرے کی تازگی بڑھ جاتی ہے (مغنی نامہ) تصور نا افریدہ گلشنوں سے گلچینی کرتا ہے اور بہاروں کے گیت گاتا ہے۔ اس دنیا میں صرف جنبش اور پرواز ہے اور آگے بڑھے جانے کا مستانہ عمل «تا بازگشت سے نہ رہے مدعا مجھے» (۱۵۰-۳)

غالب کی یہ ساری خصوصیات مل کر اس کے تصور عشق کو ایک ایسا روپ دیتی ہیں جس سے اُردو پہلے ناآشنا تھی۔ حسن کی بے پناہ کشش کے سامنے، جس میں افلاطونیت کم ہے اور جسمانیت زیادہ، انتہائی سپردگی اور نیاز مندی کے باوجود غالب کا عشق خود دار اور سر بلند ہے۔ زندگی کے لئے اگر یہ اصول ہے کہ جو نالہ ہونٹوں تک نہیں آیا وہ سینے کا داغ بن گیا (۲۳-۵، ۱۱٦، ۱۲۲-٦، ۱٤۹-۸، ۱٥٤-٥، ۱۹۷، ۲۱۲-۲) اس لئے ضبط غم کا حوصلہ تنگ ہونا چاہئے اور غصے کی شدت زیادہ (فارسی شعر) تو عشق کے لئے یہ اصول کہ:

عجز و نیاز سے تو وہ آیا نہ راہ پر
دامن کو اس کے آج حریفانہ کھینچئے (ضمیمہ ۳۸-۲)

सताप के सामने उसका सर झुका न जग-संताप के। मजनूँ हो या फ़रहाद, ख़िज्र हो या सिकन्दर, जमाना हो या ख़ूबान-ए-दिल आज़ार [दुख देनेवाला मा'शूक़] कोई ग़ालिब की आँखों में नहीं समाता। वह ख़ुदा की बन्दगी में भी मनमौजी और अभिमानी रहा [२३—२] और बेवफ़ाओं के 'अिश्क़ में भी [१२७—४] उसका सबसे अधिक सुन्दर विवरण इस ग़ज़ल में है—
"बाज़ीच:-ए-अत्फ़ाल है दुनिया मिरे आगे" [२०६]

यह शान क़सीदों में भी बाक़ी है, यद्यपि यह ग़ालिब की शा'अिरी और जीवन का कमज़ोर पहलू है। लेकिन यह स्वीकार न करना ज़ुल्म होगा कि मजबूर होकर उसने अपना हाथ ज़रूर फैलाया मगर इसको सदा ज़लील पेशा समझता रहा, और एक जगह अफ़सोस किया है कि आधी शा'अिरी अपात्रों की प्रशंसा में व्यर्थ होगई। यही कारण है कि क़सीदों का प्रशंसात्मक अंश कमज़ोर है और तशबीब [आरंभिक भाग] अत्यंत काव्यमय। ग़ालिब को इसका एहसास था कि जिसकी प्रशंसा कर रहा हूँ उससे मेरा दर्जा ऊँचा है इसलिए उसने कहीं कहीं स्वयं अपनी प्रशंसा का पहलू निकाल लिया है।

ग़ालिब का अंतिम आश्रयस्थल उसका अनुध्यान और कल्पना है क्योंकि "निर्धनों के जीवन का आधार कल्पना पर है" (एक ख़त)। इस जगत में पहुँचकर वह विश्व पर राज्य करने लगता है और जीवन के हर अभाव की पूर्त्ति कर लेता है। यह स्वप्नों का संसार है और यहाँ स्वप्नों का निर्माण करनेवाले के अतिरिक्त किसी का शासन नहीं चलता। यहाँ बादशाह अजगर मालूम होने लगते हैं और शा'अिर पैग़म्बर हो जाता है और जिब्रईल (ख़ुदा का संदेश लेकर आनेवाला फ़रिश्ता) "नाक़:-ए-शौक़ का हुदीख्वान" (अपने गीत से शौक़ को आगे बढ़ानेवाला)। यहाँ निर्दयता नहीं है केवल करुणा है। अपूर्ण कामनाएँ नहीं हैं केवल कामनापूर्ति का हर्ष है, क़दहसाज़ी (प्याले बनाना) और साक़ीतराशी [साक़ी गढ़ना] है। प्यास जितनी बढ़ती है सागर का उबाल भी उतना ही बढ़ता है। बुरे हालात में जीने का हौसला जाग उठता है और जिगर का ख़ून पीकर चेहरे की ताज़गी बढ़ जाती है (अब्र-ए-गुहरबार)। अनुध्यान अरचित उद्यानों से कुसुमचयन करता है और बहारों के गीत गाता है। इस दुनिया में केवल गति और उड़ान है और आगे बढ़े जाने का मस्ताना अमल, "ता बाज़गश्त से न रहे मुद्द'आ मुझे" (१९०—३)।

ग़ालिब की ये सारी विशेषताएँ मिलकर उसके प्रेम के दृष्टिकोण को ऐसा रूप देती हैं जिससे पहले उर्दू शा'अिरी अपरिचित थी। सौन्दर्य के असीम आकर्षण के सामने, जिसमें अफ़लातूनियत कम है और जिस्मानियत (शारीरिकता) अधिक, अत्यधिक समर्पण और श्रद्धा के बावुजूद ग़ालिब का

اور غزل کی اشاریت کا تقاضا یہ ہے کہ صرف معشوق کو نہیں بلکہ ہر آدرش کو
چاہے وہ نئی زندگی کی تمنا ہی کیوں نہ ہو، اسی طرح دامن کھینچ کر لایا
جاسکتا ہے۔ شاید یہی وجہ ہے کہ غالب نے اپنے آپ کو آئین غزل خوانی میں
گستاخ کہا ہے (۱۷۸ ـ ۱۲)

اس سے اردو شاعری کو ایک نیا مزاج ملا جس کی خود داری میں ہلکی
سی بغاوت کی آمیزش تھی، یہ کبھی تشکیک کی شکل میں ابھرتا ہے کبھی طنز
کی اور کبھی تخیل کی کمندیں بن جاتا ہے۔ غالب کے ہم عصر اس مزاج کو
نہ سمجھ سکے جو خون کے گھونٹ پی کر مسکراتا ہے اور زندگی اور انسان کو
نئی عظمت عطا کرتا ہے۔ غالب سے پہلے خدا اور معشوق پر کس نے طنز کیا
تھا، ضبط غم کے بند کس نے توڑے تھے، ظلم و ستم کی چلتی ہوئی تلوار
کو اپنے دریائے بے تابی کی موج خوں کس نے بنایا تھا (۱۳۳ ـ ۵) کس نے
غزل کے جذبہ میں فکر کی اتنی شدید آمیزش کی تھی۔ کس نے غزل اور
قصیدے کی زبان کا فرق مٹا کر نئی نظم کی بنیادیں استوار کی تھیں۔ اسی
لئے غالب کی غزل کا آہنگ میر کے آہنگ سے اونچا ہے۔

انیسویں صدی کے آخر اور بیسویں صدی کی ابتدا میں غالب کی
مقبولیت میں جو اضافہ ہوا ہے اس میں اور باتوں کے علاوہ اس نئے مزاج کا
بھی دخل ہے۔ یہ احساس آزادی سے بیدار ہونے والے نئے ہندستان کے مزاج
سے ہم آہنگ ہے جسے عظمت رفتہ پر ناز بھی ہے اور دکھ بھی ہے اور نئی
عظمت کی تلاش بھی ہے۔ غالب نے سیاسی شاعری نہیں کی لیکن نئے عہد
کے مزاج کو سمو لیا۔ اور جب نئے طوفان سے کھیلنے والے آئے تو انہوں
نے بلاخیز موجوں سے لڑنے کے لئے غالب کی شاعری سے تقویت حاصل
کی۔ «غالب کے آرٹ کی وجہ سے غزل حدیث دلبری سے بڑھ کر حدیث
زندگی بنتی ہے اور زندگی کے مختلف دوروں۔ کروٹوں اور انقلابات کا ساتھ
دینے لگتی ہے»۔ (آل احمد سرور)

یہ اتفاقی بات نہیں ہے کہ اردو کی پرانی شاعری سے بغاوت کرنے والا
حالی غالب کا شاگرد تھا اور نئی تعلیم پر زور دینے والا سر سید غدر سے پہلے
نئی سائنس اور صنعت کی تعریف غالب سے سن چکا تھا۔ اور یہ بھی اتفاقی بات
نہیں ہے کہ وطن پرست شبلی کی غزلوں میں غالب کی صدائے باز گشت ہے اور
اقبال کے فکر و فن پر غالب کے فکر و فن کے آفتاب کی کرنیں پڑ رہی ہیں۔
جوش ملیح آبادی سے لے کر نئے دور کے شاعروں تک کوئی ایسا نہیں جو

'अिश्क़ स्वाभिमानी और मस्तकोन्नत है। जीवन के लिए यदि यह नियम है कि जो नाल: (आर्त्तनाद) होठों तक नहीं आया वह सीने का दाग़ बन गया (२३–५, ११६, १२२–६, १४६–८, १५४–९, १६७, २१२–२) इसलिए दुख के सहन का साहस कम होना चाहिये और क्रोध का आवेग अधिक (फ़ारसी शे'र) तो 'अिश्क़ के लिए यह नियम कि:—

'अिज्ज़-ओ-नियाज़ से तो वह आया न राह पर
दामन को उसके आज हरीफ़ान: खेंचिये (ज़मीम: ३८–२)

उर्दू ग़ज़ल की सांकेतिकता का तक़ाज़ा यह है कि केवल मा'शूक़ को नहीं बल्कि हर आदर्श को चाहे वह नये जीवन की कामना ही क्यों न हो इसी तरह दामन खेंच कर प्राप्त किया जासकता है। शायद यही कारण है कि ग़ालिब ने अपने आप को आईन-ए-ग़ज़लख्वानी (काव्य-शास्त्र) में गुस्ताख़ (धृष्ट और अशिष्ट) कहा है (१७८–१२)।

इससे उर्दू शा'अिरी को एक नया मिज़ाज (स्वभाव और स्वर) मिला जिसके स्वाभिमान में हल्के से विद्रोह का सम्मिश्रण है। यह कभी तशकीक (शंका) के रूप में उभरता है और कभी व्यंग के और कभी कल्पना की कमंदें बन जाता है। ग़ालिब के समकालीन इस मिज़ाज को नहीं समझ सके जो ख़ून के घूँट पीकर मुसकुराता है और जीवन तथा मानव को नयी गरिमा प्रदान करता है। ग़ालिब से पहले ख़ुदा और मा'शूक़ पर किसने व्यंग किया था, दुख-सहन के बाँध किसने तोड़े थे, ज़ुल्म-ओ-सितम (अन्याय और अत्याचार) की चलती हुई तलवार को अपनी व्याकुलता के सागर की रक्त-तरंग किसने बनाया था (१३३–५), किसने ग़ज़ल की भावना में विचार का इतना अधिक सम्मिश्रण किया था, किसने ग़ज़ल और क़सीदे की भाषा का अंतर मिटाकर नयी नज़्म (आधुनिक काव्य-शैली) की बुनियादें रखी थीं (इसीलिए ग़ालिब की ग़ज़ल का स्वर मीर के स्वर से ऊँचा है)।

१९ वीं शताब्दी के अंत और २० वीं शताब्दी के आरंभ में ग़ालिब की लोकप्रियता में जो अभिवृद्धि हुई है उसमें और बातों के अतिरिक्त इस नये मिज़ाज का भी योग है। यह स्वतंत्रता की चेतना से जागृत नये हिन्दोस्तान के नये मिज़ाज से एकस्वर है, जिसे विगत वैभव पर गर्व भी है और दुख भी है और नयी महानता की तलाश भी। ग़ालिब ने राजनीतिक कविता नहीं की लेकिन नये युग के मिज़ाज को समो लिया। और जब नये तूफ़ान में खेलनेवाले आये तो उन्होंने प्रलयंकारी तरंगों में लड़ने के लिए ग़ालिब की शा'अिरी से शक्ति प्राप्त की ''ग़ालिब की कला के कारण ग़ज़ल प्रेम-वर्णन से बढ़कर जीवन-वर्णन बनती है और जीवन के विभिन्न युगों, करवटों और क्रांतियों का साथ देने लगती है'' (आले अहमद सुरूर)।

کسی نہ کسی شکل میں غالب کا خوشہ چین نہ ہو۔ غالب کے بے شمار اشعار شمالی ہندستان میں ضرب المثل بن چکے ہیں اور اردو جاننے والا شاید ہی کوئی گھر دیوان غالب سے خالی ہو۔

آج ہمارے ہاتھ میں غالب کی شاعری دو زمانوں کی ترجمان بن کر آئی ہے۔ اس میں ایک عہد کا خمار اور دوسرے عہد کا نشہ ہے۔ جاتی ہوئی رات کا کرب اور طلوع ہوتی ہوئی سحر کا نشاط حل ہو گیا ہے۔

غالب کی عظمت صرف اس میں نہیں ہے کہ اس نے اپنے عہد کے باطنی اضطراب کو سمیٹ لیا بلکہ اس میں کہ اس نے نیا اضطراب پیدا کیا۔ اس کی شاعری اپنے عہد کے شکنجوں کو توڑ دیتی ہے اور ماضی اور مستقبل کی وسعتوں میں پھیل جاتی ہے۔ اس نے اپنے ہر تجربے کو جو ایک انتہائی لطیف جمالیاتی ذوق رکھنے والے ذہن کی کار فرمائی تھی انسانی نفسیات کی آگ میں تپا کر پگھلایا ہے، کلیے کی کسوٹیوں پر کسا ہے اور پھر شعر کی شکل میں ڈھالا ہے۔ تب اس کے یہاں ایک عالمگیر اور آفاقی شاعر کا لہجہ پیدا ہوا ہے اور وہ زندگی کے ہر لمحے کا شاعر بن گیا ہے۔ وہ انسانی روح کی رنگا رنگ کیفیات سے آشنا ہے۔ انتہائی نشاط ہو یا انتہائی مایوسی، تشکیک کا عالم ہو یا تصور کی کرشمہ سازی، دقیق فلسفیانہ مسائل ہوں یا حد درجہ عامیانہ چیزیں، بوسوں کی سرشاری ہو یا ہم آغوشی کی لذت، ہر کیفیت میں غالب کی شاعری ساتھ دے گی۔ کمتر درجے کے شعراء اس کی کسی ایک ادا کو اپنا فلسفہ بنا سکتے ہیں لیکن غالب بیک وقت اپنی ساری اداؤں کا جادو ڈالتا ہے۔

اس شاعری سے لطف اندوز ہونے کے لئے صرف لفظی معنوں سے واقف ہونا کافی نہیں ہے۔ شعروں کو بار بار پڑھنا بھی ضروری ہے۔ پھر لفظ حرفوں کے مجموعے کی شکل میں نہیں بلکہ تصویروں کی شکل میں پہچانے جائیں گے۔ آدمیوں کے چہروں کی طرح وہ آہستہ آہستہ مانوس ہوں گے اور اپنی شخصیت ظاہر کریں گے۔ پھر لفظوں کا صوتی لوچ محسوس ہوگا اور ان کے باہمی ٹکراؤ کی جھنکار سے کان آشنا ہوں گے۔ تب جاکر معنوی ترنم اور داخلی آہنگ کے دروازے کھلیں گے۔ اس طرح لفظی مفہوم سے گذر کر شاعرانہ مفہوم تک پہونچنے کا راستہ ملے گا اور وہ وجدانی کیفیت پیدا ہوگی جہاں وفا کا لفظ محبوب کی زلفوں کی طرح مہک اٹھے گا اور سرو چراغاں رقص کرتا نظر آئے گا، عشق، ذوق اور عمل بن جائے گا۔ حسنِ محبوب حسنِ کائنات میں تبدیل ہو جائے گا۔ ناز وہ آدرش بن جائے گا جس کے حصول کے لئے دل و جان کی بازی

यह आकस्मिक बात नहीं है कि उर्दू की पुरानी शा'अिरी से विद्रोह करनेवाला हाली ग़ालिब का शिष्य था और नयी शिक्षा पर बल देनेवाला सर सैयद ग़दर से पहले नये विज्ञान और उद्योग की प्रशंसा ग़ालिब से सुन चुका था। और यह भी आकस्मिक बात नहीं है कि देशभक्त शिबली की ग़ज़लों में ग़ालिब की प्रतिध्वनि है और इक़बाल के चिंतन और कला पर ग़ालिब के चिंतन और कला के सूर्य की किरणें पड़ रही हैं। जोश मलीहाबादी से लेकर आज के शा'अिरों तक कोई ऐसा नहीं है जो किसी न किसी रूप में ग़ालिब से प्रभावित न हो। ग़ालिब के अनगिनत शे'र उत्तरी भारत के लोगों की ज़बान पर चढ़े हुए हैं और उर्दू जाननेवाला शायद ही कोई घर दीवान-ए-ग़ालिब से ख़ाली हो।

आज हमारे हाथ में ग़ालिब की शा'अिरी दो युगों की तर्जुमान बन कर आयी है। उसमें एक युग का मदिरालस और दूसरे युग की मादकता है, जाती हुई रात की वेदना और उदीयमान उषा का हर्ष मिश्रित होगया है।

ग़ालिब की महानता केवल इसमें नहीं है कि उसने अपने युग की आंतरिक व्याकुलता को समेट लिया बल्कि इसमें कि उसने नयी व्याकुलता पैदा की। उसकी शा'अिरी अपने युग के बंधनों को तोड़ देती है और भूत और भविष्य के विस्तार में फैल जाती है। ग़ालिब ने अपने हर अनुभव को जो एक अत्यंत मृदुल सौन्दर्यबोध रखनेवाले मस्तिष्क की प्रक्रिया थी, मानवी मनोविज्ञान की आग में तपाकर पिघलाया है, व्यापक नियम की कसौटियों पर कसा है और फिर काव्य के रूप में ढाला है। तब उसके यहाँ एक विश्व कवि का स्वर पैदा हुआ है और वह जीवन के हर क्षण का कवि बन गया है। वह मानव-आत्मा की बहुरंगी अवस्थाओं से परिचित है। अत्यधिक हर्ष हो या अत्यधिक निराशा, शंका की दशा हो या कल्पना की जादूगरी हो, दर्शन की गूढ़ समस्याएँ हों या अत्यंत निम्नकोटि की वस्तुएँ, चुम्बनों की मादकता हो या आलिंगन का आनंद, हर स्थिति में ग़ालिब की शा'अिरी साथ देगी। निम्नतर कोटि के कवि उसकी किसी एक अदा को अपना विचार-दर्शन बना सकते हैं, लेकिन ग़ालिब एकसाथ अपनी सारी अदाओं का जादू डालता है।

इस शा'अिरी का रसास्वादन कर सकने के लिए केवल शाब्दिक अर्थों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। शे'रों को बार-बार पढ़ना भी आवश्यक है। फिर शब्द अक्षरों के समूह के रूप में नहीं बल्कि चित्रों के रूप में पहचाने जायेंगे। मनुष्यों के चेहरों की तरह वे धीरे-धीरे सुपरिचित बनेंगे और अपना व्यक्तित्व प्रकट करेंगे। फिर शब्दों की ध्वनि का लोच महसूस होगा और उनके परस्पर टकराव की झनकार से कान परिचित होंगे। तब जाकर अर्थ-संगीत और आंतरिक स्वर के द्वार खुलेंगे। इस तरह शाब्दिक अर्थों से गुज़रकर काव्यात्मक अर्थों तक

لگانا خوش مزاقی کی دلیل ہے، شمشیر و سناں کا جلال اور انداز و ادا کا جمال جلوہ گر ہوگا، فراق کا درد، آرزو کی لطافت میں تبدیل ہو جائے گا اور وصال لذت طلب کی سرشاری میں، شوق ایک قوت تخلیق بن کر ابھرے گا اور دشت و صحرا امکانات کی وسعتیں اختیار کر لیں گے، جنون جستجو بن جائے گا جس کی راہیں کبھی زنداں کی زنجیریں روکیں گی اور کبھی دیر و حرم کی دیواریں جنھوں نے اپنے اندر شوق کی واماندگی کو سجار کھاہے (ضمیمہ ۲/۲۰) اور میخانہ مکمل انسانیت اور مکمل آزادی کی منزل بن کر سامنے آئے گا، پھر دیوانِ غالب کے ہر ہر ورق پر اس کے تخیل کی مخلوق انگڑائیاں لینے لگے گی، اس کے سراپا ناز محبوب آنکھوں کے سامنے مسکرائیں گے اور دنیا زیادہ خوبصورت ہوجائے گی اور انسان زیادہ قابل احترام۔

☆ ☆ ☆

مروجہ دیوانِ غالب در اصل غالب کے مجموعی اردو کلام کا انتخاب ہے اس کے کئی نسخے غالب کی زندگی میں شائع ہوئے۔ میں نے پیش نظر ایڈیشن کے لئے مالک رام کے مرتب کئے ہوئے دیوان کو استعمال کیا ہے جس کا متن مطبع نظامی کانپور کے ایڈیشن (۱۸۶۲ء) پر مبنی ہے، اور اس کی تصحیح خود غالب نے کی تھی، میں نے صرف غزلیں اصل ترتیب کے ساتھ باقی رکھی ہیں اور ضمیمے میں بھی دو قطعات کے علاوہ باقی اشعار غزلوں ہی کے ہیں۔

عام طور سے اردو لکھاوٹ میں اوقاف اور اعراب کا رواج نہیں ہے اور عبارت اٹکل سے پڑھی جاتی ہے اس لئے دیوانِ غالب کے مختلف نسخوں میں بعض اضافتوں میں اختلاف ملتا ہے جو یا تو دیوان ترتیب دینے والوں نے روا روی میں لکھ دی ہیں یا کاتب نے آرائش کے خیال سے لگادی ہیں۔ مالک رام نے اوقاف کے معاملے میں بڑی محنت اور کاوش کی ہے لیکن اعراب میں انھوں نے بھی اتنی احتیاط نہیں برتی۔ میں نے اوقاف بدستور باقی رکھے ہیں لیکن بعض اضافتوں میں اختلاف کیا ہے۔ مثلاً مالک رام کے یہاں اور بعض دوسرے نسخوں میں «جوشِ قدح سے بزمِ چراغاں کئے ہوئے» لکھا ہے۔ میں نے بزم کے لفظ پر اضافت باقی نہیں رکھی ہے۔ اسی طرح «چشمِ دلال جنسِ رسوائی» کے بجائے میں نے «چشم، دلالِ جنسِ رسوائی» لکھا ہے، لیکن یہ بات صرف چند شعروں تک محدود ہے۔

تلفظ کا مسئلہ بھی اہم ہے بیرونی زبانوں کے بعض الفاظ اردو میں

पहुँचने का पथ मिलेगा। और उल्लासजनित मत्तता की वह अवस्था प्राप्त होगी जहाँ वफ़ा (प्रेम-निर्वाह) का शब्द मा'शूक़ की जुल्फ़ों (अलकों) की तरह सुरभित हो उठेगा और सर्व-ए-चराग़ाँ (दीप-सज्जित वृक्ष) नृत्य करता नज़र आयेगा 'अिश्क़ (प्रेम) अभिरुचि और आचारण बन जायगा, प्रेयसी का सौन्दर्य सृष्टि के सौन्दर्य में परिणत हो जायगा, नाज़ (रूप-गर्व) वह आदर्श बन जायगा जिसकी प्राप्ति के लिए तन-मन की बाज़ी लगाना सुरुचि का परिचायक है, शमशीर-ओ-सिनाँ (तलवार और बर्छी) का तेज और अंदाज़-ओ-अदा (हाव-भाव) की सुन्दरता प्रकट होगी, फ़िराक़ (विरह) का दर्द कामना की मृदुलता में परिणत हो जायगा और विसाल (मिलन) तृष्णा के आनंद की परितृप्ति में; शौक़ (आकांक्षा) एक निर्माण-शक्ति बनकर उभरेगा और दश्त-ओ-सहरा (मैदान और जंगल) संभावनाओं का विस्तार धारण करलेंगे; जुनून (उन्माद) जिज्ञासा बन जायगा जिसकी राहें कभी ज़िन्दाँ (कारागार) की जंजीरें रोकेंगी और कभी दैर-ओ-हरम (मन्दिर और मस्जिद) की दीवारें, जिन्होंने अपने अन्दर लालसा की थकन को सजा रखा है; (ज़मीम: २०—२) और मैख़ान: (मदिरालय) पूर्ण मानवता और पूर्ण स्वतंत्रता की मंज़िल बनकर सामने आयगा। फिर दीवान-ए-ग़ालिब के हर पृष्ठ पर उसकी कल्पना की सृष्टि अँगड़ाइयाँ लेने लगेगी, उसके सरापा नाज़ महबूब आँखों के सामने मुस्कुरायेंगे और दुनिया ज़्यादा ख़ूबसूरत होजायगी और मानव अधिक आदरणीय।

☼ ☼ ☼

प्रचलित दीवान-ए-ग़ालिब वास्तव में ग़ालिब के उर्दू काव्य का संग्रह है जिसके कई संस्करण ग़ालिब के जीवनकाल में प्रकाशित हुए। मैंने इस संस्करण के लिए श्री मालिक राम द्वारा सम्पादित दीवान का उपयोग किया है जिसका मूल मतब:-ए-निज़ामी कानपुर के संस्करण (१८६२ ई०) पर आधारित है। और इसका संशोधन स्वयं ग़ालिब ने किया था।

मैंने केवल ग़ज़लें मूल-क्रम के साथ बाक़ी रखी हैं और ज़मीमे (परिशिष्ट) में भी दो क़त'ओं के 'अलाव: बाक़ी अश'आर ग़ज़लों के ही हैं।

'आम तौर से उर्दू लिखावट में विरामचिन्हों और मात्राओं का रिवाज नहीं है। और 'अिबारत अटकल से पढ़ी जाती है इसलिए दीवान-ए-ग़ालिब के विभिन्न संस्करणों में कुछ इज़ाफ़तों में विरोध मिलता है, जो या तो दीवान सम्पादित करनेवालों ने जल्दी में लिखदी हैं या कातिब ने सजावट के लिए लगादी हैं। मालिक राम ने विरामचिन्हों के मु'आमले में बड़े परिश्रम और सावधानी से काम लिया है लेकिन ऐ'राब लगाने में उन्होंने भी इतनी सावधानी नहीं बरती। मैंने विरामचिन्ह ज्यों के त्यों रखे हैं लेकिन कुछ इज़ाफ़तों

آکر بگڑ چکے ہیں۔ چونکہ اس طرح وہ اردو کے لفظ بن گئے ہیں اس لئے میں عام طور سے بول چال کے تلفظ کو اصل فارسی یا عربی تلفظ پر ترجیح دیتا ہوں یہی وجہ ہے کہ میں نے سُوال کو سَوال اور گرِفتار کو گرَفتار اور نِشتر کو نَشتر لکھا ہے ایسے الفاظ میں بھی جن کے دو تلفظ ہیں میں نے بول چال کے تلفظ کو بہتر سمجھا ہے۔ اس کی کسوٹی صرف میرا ذاتی علم ہے۔ اس لئے عَجز پر عِجز کو اور سِتایش پر سَتایش کو ترجیح دی ہے، لیکن اتنی احتیاط کی ہے کہ ہندی فرہنگ میں واوین کے اندر دوسرا تلفظ بھی لکھ دیا ہے۔ میں نے بعض الفاظ مثلاً خَزاں، چَراغ اور نَشاط کو نہیں بدلا ہے لیکن میرا خیال ہے کہ اردو میں خِزاں، چِراغ اور نِشاط فصیح ہیں اور ان کو اسی طرح استعمال کرنا چاہئے یہ دوسرا سوال ہے کہ خود غالب نے کیا تلفظ کیا ہے۔ جب تک اس پر تحقیق نہ کی جائے اس وقت تک ہم ذاتی ذوق کی کسوٹیاں استعمال کرنے پر مجبور ہیں۔

ناگری لکھاوٹ میں اردو شعر و ادب کا اچھا خاصہ حصہ منتقل ہو چکا ہے۔ لیکن اردو کو ناگری لکھاوٹ میں منتقل کرنے کے مسائل پر پوری طرح غور نہیں کیا گیا ہے۔ ابتدا میں یہ بے احتیاطی فطری امر تھی لیکن اب جبکہ ہندی ہندوستان کی قومی زبان بن چکی ہے اور اسکو دیوناگری لکھاوٹ کے ذریعے سے ہندوستان کی مختلف زبانوں کے سرمائے کو اپنے دامن میں سمیٹنا ہے تو یہ ضروری ہے کہ لکھاوٹ کے مسائل پر علمی اور سائنسی طریقے سے غور کیا جائے اور دوسری زبانوں کی آوازوں کو منتقل کرنے کے لئے نئی علامتیں اور نشانات اختیار کئے جائیں۔ یہ زندہ زبانوں کی خصوصیت ہے اور ناگری لپی پہلے بھی کا، کھا، جا اور پھا کے نیچے بندی کا اضافہ کر کے اپنی زندگی کا ثبوت دےچکی ہے۔

اردو ادب ہندی ادب سے سب سے زیادہ قریب ہے۔ اور دونوں کی بول چال کی زبان اور علاقہ مشترک ہے۔ لیکن پھر بھی اردو میں کچھ خصوصیات ہندی سے الگ ہیں۔ مثلاً عطف و اضافت۔

عطف دو یا دو سے زیادہ لفظوں یا جملوں کو ملانے کا کام دیتا ہے۔ حروفِ عطف بہت سے ہیں لیکن یہاں صرف اس واؤ سے بحث ہے جو «اور» کے معنوں میں استعمال ہوتا ہے جیسے «گل و بلبل»

اضافت ایک لفظ سے دوسرے لفظ کے تعلق کو ظاہر کرتی ہے۔ اضافت کی علامت زیر سے لکھی جاتی ہے جو حرف کے نیچے لگایا جاتا

के मु'आमले में विरोध किया है। उदाहरण के लिये मालिक राम के यहाँ और कुछ दूसरे संस्करणों में "जोश-ए-क़दह से बज़्म-ए-चराग़ाँ किये हुये" लिखा है। मैंने बज़्म की इज़ाफ़त बाक़ी नहीं रखी। इसी तरह "चश्म-ए-दल्लाल जिन्स-ए-रुस्वाई" के बजाय मैंने 'चश्म, दल्लाल-ए-जिन्स-ए-रुस्वाई' लिखा है। लेकिन यह बात केवल चन्द शे'रों तक सीमित है।

उच्चारण का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। विदेशी भाषाओं के चन्द शब्द उर्दू भाषा में आकर बिगड़ चुके हैं। चूँकि इस तरह वह उर्दू के शब्द बन गये हैं इसलिए मैं साधारणतः बोलचाल के उच्चारण (तद्भव) को मूल फ़ारसी या 'अरबी उच्चारण (तत्सम) पर प्रधानता देता हूँ। यही कारण है कि मैंने सुवाल को सवाल, गिरिफ़्तार को गिरफ़्तार और निश्तर को नश्तर लिखा है। ऐसे शब्दों में भी जिनके दो उच्चारण हैं, मैंने बोलचाल के उच्चारण को बेहतर समझा है। इसकी कसौटी मेरा निजी ज्ञान है। इसलिये 'अज्ज पर 'इज्ज को और सिताइश पर सताइश को प्रधानता दी है लेकिन इतनी सावधानी बरती है कि हिन्दी शब्दावली में कोष्टक के अन्दर दूसरा उच्चारण भी लिखदिया है। मैंने कुछ शब्द जैसे ख़ज़ाँ, चराग़ और नशात को नहीं बदला है लेकिन मेरा विचार है कि उर्दू में ख़िज़ाँ, चिराग़ और निशात प्रचलित हैं और उनका इसीतरह प्रयोग करना चाहिये। यह दूसरा प्रश्न है कि स्वयं ग़ालिब ने क्या उच्चारण किया। जब तक इसकी छानबीन न की जाय उस समय तक हम निजी रुचि की कसौटी का प्रयोग करने पर बाध्य हैं।

नागरी लिपि में उर्दू काव्य और साहित्य का एक बड़ा भाग प्रकाशित हो चुका है। लेकिन उर्दू को नागरी लिपि में परिवर्तित करने के प्रश्न पर पूरी तरह विचार नहीं किया गया। प्रारम्भ में यह असावधानी स्वाभाविक थी, लेकिन अब, जबकि हिन्दी हिन्दुस्तान की राष्ट्रभाषा बन चुकी है और उसको देवनागरी लिपि द्वारा हिन्दुस्तान की विभिन्न भाषाओं की पूँजी को अपने दामन में समेटना है तो यह आवश्यक है कि लिपि के प्रश्नों पर साहित्यिक और वैज्ञानिक रूप से विचार किया जाय और दूसरी भाषाओं की आवाज़ों को व्यक्त करने के लिये नयी 'अलामतें और संकेत अपनाये जायें। यह जीवित भाषाओं की विशेषता है और नागरी लिपि पहिले भी क, ख, ग, ज और फ के नीचे बिन्दी लगाकर अपने जीवित होने का सुबूत दे चुकी है।

उर्दू साहित्य हिन्दी साहित्य से सब से अधिक निकट है और दोनों की बोलचाल की भाषा और स्थान एक ही है। लेकिन फिर भी उर्दू में कुछ ऐसी विशेषतायें हैं जो हिन्दी से भिन्न हैं जैसे 'अत्फ़ और इज़ाफ़त।

'अत्फ़ दो या दो से अधिक शब्दों या वाक्यों को मिलाने का काम देता है। 'अत्फ़ के बहुत से अक्षर हैं लेकिन यहाँ पर केवल उस वाव (و) से

ہے اور اس کے استعمال سے گل کا رنگ «رنگِ گل» اور غالب کا دیوان «دیوانِ غالب» ہوجاتا ہے۔

ناگری میں عطف و اضافت کے لکھنے کے جو طریقے رائج ہیں وہ ناقص ہیں، ان سے لفظوں کی اصل شکل بگڑ جاتی ہے اور بعض اوقات معنی کا اختلاف پیدا ہوجانے کا اندیشہ ہوتا ہے، مثلاً عام طور سے گل اور بلبل کو ملانے کے لئے (गुलो बुलबुल) لکھا جاتا ہے یا (गुल व बुलबुल) ایک میں گل کی شکل بگڑ گئی ہے اور دوسرے میں تلفظ کی غلطی کا امکان ہے۔ پیش نظر دیوان میں عطف کے واؤ کے لئے (ओ) کی علامت استعمال کی گئی ہی اور (गुल-ओ-बुलबुल) لکھا گیا ہے۔

اضافت کے لئے (ए) کی علامت استعمال کی گئی ہے اور (दीवाने ग़ालिब) کے بجائے جس کے معنی پاگل غالب بھی ہوسکتے ہیں (दीवान-ए-ग़ालिब) لکھا گیا ہے، اس طرح لفظ کی اصل شکل باقی رہتی ہے اور اضافت کا زیر «ے» میں تبدیل نہیں ہوتا۔

اردو کے تین حروف کے لئے بھی نئی علامتوں سے کام لیا گیا ہے، ایک ژے، دوسرے عین اور تیسرے چھوٹی ہے۔

جس حرف کو اردو میں (ژ) لکھتے ہیں اس کی آواز ہندی میں موجود نہیں ہے، یہ زا اور شا کے درمیان کی آواز ہے، اس لئے شا کے نیچے بندی لگادی گئی ہے (श़)

عین کی آواز اردو میں الف کی آواز سے مل گئی ہے اس لئے ناگری لکھاوٹ میں عام طور سے دونوں حرفوں کو ایک ہی طرح لکھا جاتا ہے جن لفظوں کے شروع میں عین آتا ہے اُن میں کوئی دشواری پیدا نہیں ہوتی جیسے عاشق اور عورت، لیکن جن لفظوں کے بیچ میں یا آخر میں عین آتا ہے وہاں اس کی الگ آواز کو ادا کرنا ضروری ہو جاتا ہے بعض اوقات عین الف کے ساتھ بھی آتا ہے جیسے عادت یا وداع اس جگہ لکھاوٹ میں عین کو الف سے الگ کرنے کی ضرورت پڑتی ہے۔ یہی وجہ ہے کہ پیش نظر دیوان میں الف کے لئے (अ) اور عین کے لئے (अ') کی علامت استعمال کی گئی ہے۔

عین دوسرے حرفوں کی طرح متحرک بھی آتا ہے اور ساکن بھی۔ متحرک عین کے لکھنے میں کوئی دشواری نہیں ہے اور اسے ہر جگہ (अ़) لکھا گیا ہے۔

ساکن عین جو ہمیشہ لفظ کے آخر یا بیچ میں آتا ہے اس کے لئے یہ طریقہ اختیار کیا گیا ہے کہ لفظ کے آخر میں پورا عین لکھ دیا گیا ہے جیسے

बहस है जो और के अर्थ में प्रयुक्त होता है। जैसे "गुल और बुलबुल" की जगह गुल-ओ-बुलबुल।

इज़ाफ़त एक शब्द से दूसरे शब्द का सम्बन्ध प्रकट करती है। इज़ाफ़त की 'अलामत ज़ेर से लिखी जाती है जो अक्षर के नीचे लगाया जाता है और उसके प्रयोग से गुल का रँग "रँग-ए-गुल" और ग़ालिब का दीवान "दीवान-ए-ग़ालिब" हो जाता है।

नागरी में 'अत्फ़ और इज़ाफ़त के लिखने के जो तरीक़े प्रचलित हैं, वह दोषपूर्ण हैं। उनसे शब्दों का मूल-रूप बिगड़ जाता है और कभी कभी अर्थ का अनर्थ हो जाने की आशंका होती है। जैसे साधारणत: "गुल और बुलबुल" को लिखने के लिए "गुलो बुलबुल" लिखा जाता है या गुल व बुलबुल। एक में गुल का रूप बिगड़ गया है और दूसरे में उच्चारण की अशुद्धि की सम्भावना है।

इस दीवान में 'अत्फ़ के वाव (و) के लिए -ओ- की 'अलामत अपनाई गई है और "गुल-ओ-बुलबुल" लिखा गया है।

इज़ाफ़त के लिए -ए- की 'अलामत अपनाई गई है। और दीवाने ग़ालिब के बजाय जिसका अर्थ पागल ग़ालिब भी हो सकता है, "दीवान-ए-ग़ालिब" लिखा गया है। इस तरह शब्द का मूल-रूप बाक़ी रहता है और इज़ाफ़त का ज़ेर ये (ے) में नहीं बदलता।

उर्दू के तीन अक्षरों के लिए भी नये चिह्नों से काम लिया गया है। एक श़ (ژ) दूसरे 'ऐन (ع) और तीसरे छोटी हे (ہ)

जिस अक्षर को उर्दू में (ژ) लिखते हैं उसकी आवाज़ हिन्दी में मौजूद नहीं है यह ज और श के बीच की आवाज़ है। इसलिए श के नीचे बिन्दी लगादी गई है (श़)

'ऐन (ع) की आवाज़ उर्दू में अलिफ़ (ا) की आवाज़ से मिल गई है इसलिए नागरी लिपि में साधारणत: दोनों अक्षरों को एक ही तरह लिखा जाता है। जिन शब्दों के आरम्भ में 'ऐन आता है उन में कोई बाधा नहीं आती। जैसे "आशिक़" और "औरत"। लेकिन जिन शब्दों के अन्त में या बीच में 'ऐन आता है वहाँ उसकी अलग आवाज़ का प्रकट करना आवश्यक हो जाता है। कभी कभी 'ऐन अलिफ़ के साथ भी आता है। जैसे 'आदत या विदा'अ। इस जगह लिखावट में 'ऐन को अलिफ़ से अलग करने की ज़रूरत पड़ती है। यही कारण है कि इस दीवान में अलिफ़ (ا) के लिए (अ) और 'ऐन (ع) के लिए ('अ) की 'अलामत प्रयोग की गई है।

'ऐन दूसरे अक्षरों की तरह गतिवान भी आता है और गतिहीन भी। गतिवान 'ऐन के लिखने में कोई कठिनाई नहीं आती और उसे हर जगह

شمع(शम्‘ऄ) یا وداع (विदा‘ऄ) ، لیکن جہاں کہیں لفظ کے بیچ میں ساکن عین آیا ہے وہاں (ऄ) کی علامت خارج کردی گئی ہے اور صرف الٹا واؤ باقی رکھا گیا ہے جیسے بعد (बा‘द) یا معنی (मा‘नी) یا ضعف (ज़ो‘फ़) . اگر ان لفظوں سے الٹا واؤ جو ساکن عین کی علامت ہے خارج کر دیا جائے تو بعض لفظوں کی شکل ایسی بدلے گی کہ ان کا مطلب کچھ کا کچھ ہو جائے گا. بعد (बा‘द) باد (बाद) ہوجائے گا یعنی ہوا اور معنی (मा‘नी) مانی (मानी) ہو جائے گا جو ایران کے ایک قدیم مصور کا نام ہے .

عین پر ختم ہونے والے لفظوں پر جب اضافت لگ جاتی ہے تو ساکن عین پھر متحرک ہو جاتا ہے . لیکن چونکہ اضافت کے لئے ایک الگ علامت ہے اس لئے ایسے لفظوں کے آخر میں آنے والے عین سے بھی (ऄ) کی علامت خارج کر کے صرف اُلٹا واؤ باقی رکھا گیا ہے. مثال کے طور پر وداع (विदा‘ऄ) کو جب اضافت کے ساتھ لکھیں گے تو وہ (विदा‘ए-) ہو جائے گا. یہی طریقہ عطف کی صورت میں بھی صحیح ہے . شمع (शम्‘ऄ) کا لفظ اضافت کے ساتھ (शम्‘-ए-) اور عطف کے ساتھ (शम‘-ओ) ہو جائے گا.

اردو میں ایک بڑی ح ہے اور ایک چھوٹی ہ . دونوں کی اصلی آوازیں الگ الگ ہیں لیکن اردو میں ایک ہو گئی ہیں. اس لئے ناگری میں ان دونوں کے لئے یہ ह کافی ہے . لیکن اردو میں آجانے والے بعض بیرونی لفظوں کے آخر میں جب چھوٹی ہ آتی ہے تو یہ زبر کی آواز دیتی ہے جو الف کی آواز کو چھوٹا کر دینے سے پیدا ہوگی جیسے ہفتہ (हफ़ता) گلدستہ (गुलदसता) نغمہ (नग़मा) بادہ (बादा) . اس ہ کی آواز کو الف سے تبدیل کیا جا سکتا ہے لیکن ایسا کرنے سے بعض مقامات پر اضافت میں دشواری پیدا ہو جائے گی . مثلاً اگر (नग़मा) لکھا جائے تو اضافت کے بعد اس کی شکل (नग़मा-ए-) ہوگی . اور اس کا تلفظ بجائے نغمہ اے (नग़मऄ) کے نغمائے (नग़माऄ) ہو جائے گا . یہی وجہ ہے کہ اس ہ کے لئے وسرگ (:) کا استعمال کیا گیا ہے جس کی اصل آواز سنسکرت میں چھوٹی ہ کی آواز ہے . اس دیوان میں ہر جگہ وسرگ (:) کو ہا کے بجائے ا (ऄ) پڑھنا چاہئے جو اردو میں الف کی نہیں بلکہ زبر کی آواز ہے . اب (नग़म:-ए-) لکھا جائے گا تو (नग़मऄ) پڑھا جائے گا .

کوئی لکھاوٹ مکمل نہیں ہے اور انسان کے گلے اور منہ سے نکلنے والی تمام آوازوں کے ادا کرنے پر قادر نہیں ہے کیونکہ انسان کے ذہن کی طرح انسان کا گلا بھی لامحدود صلاحیتوں کا مالک ہے اردو کے وہ الفاظ جن

(ʻअ) लिखा गया है।

गतिहीन ʻऐन जो हमेशः शब्द के अन्त या बीच में आता है उस के लिए यह तरीक़ः अपनाया गया है कि शब्द के अन्त में पूरा ʻऐन लिखा गया है। जैसे शम्ʻअ या विदाʻअ। लेकिन जहाँ कहीं शब्द के बीच में गतिहीन ʻऐन आया है वहाँ अ की ʻअलामत निकाल दी गई है और केवल (ʻ) बाक़ी रखा गया है। जैसे बाʻद (بعد) या माʻनी (معنی) या ज़ोʻफ़ (ضعف)। यदि इन शब्दों में से (ʻ) जो गतिहीन ʻऐन की ʻअलामत है, निकाल दिया जाय तो कुछ शब्दों का रूप ऐसा बदलेगा कि उनका मतलब कुछ का कुछ हो जायगा। बाʻद (بعد) बाद (باد) हो जायगा, याʻनी हवा और माʻनी (معنی) मानी (مانی) हो जायगा जो ईरान के एक प्राचीन चित्रकार का नाम है।

ʻऐन पर ख़त्म होनेवाले शब्दों पर जब इज़ाफ़त लग जाती है तो गतिहीन ʻऐन फिर गतिवान हो जाता है, लेकिन चूँकि इज़ाफ़त के लिए दूसरा चिन्ह प्रयोग में लाया गया है इसलिए ऐसे शब्दों के अन्त में आने वाले ʻऐन से भी (अ) की ʻअलामत ख़ारिज कर के केवल (ʻ) बाक़ी रखा गया है। उदाहरण के लिए (विदाʻअ) को जब इज़ाफ़त के साथ लिखेंगे तो वह (विदाʻ-ए-) हो जायगा। यही तरीक़ः ʻअत्फ़ की सूरत में भी सही है। शम्ʻअ का शब्द इज़ाफ़त के साथ (शमʻ-ए-) और अत्फ़ के साथ (शमʻ-ओ-) हो जायगा।

उर्दू में एक बड़ी हे (ح) है और एक छोटी हे (ه)। दोनों की आवाज़ें अलग-अलग हैं, लेकिन उर्दू में एक हो गई हैं। इसलिए नागरी में इन दोनों के लिए (ह) काफ़ी है। लेकिन उर्दू में आजानेवाले कुछ विदेशी शब्दों के अन्त में जब छोटी हे (ه) आती है तो यह ज़बर की आवाज़ देती है जो अलिफ़ की आवाज़ को छोटा कर देने से पैदा होगी। जैसे हफ़्तः (ہفتہ) गुलदस्तः (گلدستہ) नग़मः (نغمہ) बादः (بادہ)। इस हे (ه) की आवाज़ को अलिफ़ से बदला जा सकता है। लेकिन ऐसा करने से कई स्थानों पर इज़ाफ़त में कठिनाई पैदा हो जायगी। मसलन यदि (नग़मा) लिखा जाय तो इज़ाफ़त के बाʻद उसका रूप (नग़मा-ए-) होगा और उसका उच्चारण (नग़मये) के बजाय (नग़माये) हो जायगा। यही कारण है कि इस हे (ه) के लिए विसर्ग (:) का उपयोग किया गया है, जिसकी मूल आवाज़ संस्कृत में छोटी हे की आवाज़ है। इस दीवान में विसर्ग को हर जगह ह के बजाय अ पढ़ना चाहिये जो उर्दू में अलिफ़ की नहीं बल्कि ज़बर की आवाज़ है। अब (नग़मः-ए-) लिखा जाय तो (नग़मये) पढ़ा जायगा।

कोई लिपि पूर्ण नहीं है और इंसान के गले और मुख से निकलने वाली

کا دوسرا حرف بڑی ح ہو اور یہ ح ساکن ہو اور پہلے حرف پر زبر ہو تو اُسے زبر نہیں بولا جاتا بلکہ اس کی آواز زبر اور زیر کے درمیان ہوتی ہے۔ جیسے احمد (अह्मद) محبوب (मह्बूब) بحر (बह्) اور وحشت (वह्शत) ان کا تلفظ کرتے وقت پہلے حرف کو ہمیشہ अ اور ऐ کے درمیان بولنا چاہئے۔ بعض اوقات چھوٹی ہ کے لفظوں کے ساتھ بھی یہی صورت پیش آتی ہے جیسے قہر (क़ह्र)

اردو کی ایک اور خصوصیت یہ ہے کہ شاعری میں بعض الفاظ کی یائے مجہول کو خارج کر کے اُسے زیر سے تبدیل کردیا جاتا ہے۔ اس طرح آواز چھوٹی ہو جاتی ہے۔ مثلاً ایک اور میرے سے جب یائے مجہول خارج ہوتی ہے تو «اے» (ऐ) کی آواز چھوٹی ہو جاتی ہے اور اسے اک اور مرے لکھا جاتا ہے۔ ناگری میں اس آواز کو جو دراصل زیر کی خالص آواز ہے ادا کرنے کا کوئی طریقہ نہیں ہے۔ اس لئے مجبوراً ایسے مقامات پر چھوٹی «ای» کی علامت استعمال کی گئی ہے جیسے (इक) اور (मिरे)۔ یہی صورت بعض اوقات مجہول واؤ کے ساتھ بھی پیش آتی ہے جہاں واؤ کی پوری آواز کٹ کر پیش کی آواز میں تبدیل ہو جاتی ہے۔ جیسے کوہسار (कोहसार) سے کُہسار۔ اس کو مجبوراً कुहसार لکھا گیا ہے۔

میری رائے یہ ہے کہ ناگری لکھاوٹ کی ماتراؤں میں اردو کے زیر (ِ) اور پیش (ُ) کو شامل کر لینا چاہئے۔ چونکہ زبر جس کی شکل زیر کی طرح ہوتی ہے لیکن نیچے کے بجائے ہمیشہ حرف کے اوپر لکھا جاتا ہے ناگری حروف میں خود بخود موجود ہوتی ہے۔ اس لئے اس علامت کو ناگری ماتراؤں میں شامل کرنے کی ضرورت نہیں ہے۔ البتہ کسی حرف سے زبر کی حرکت کو خارج کرنے کے لئے ہلنت لگا دینا چاہئے جیسا کہ شمع کے ما (शम्'अ) اور بحر کے حا (बह्र) میں لگایا گیا ہے۔

اس طرح ناگری لکھاوٹ اردو کی آوازوں کو بڑی حد تک ادا کرنے پر قادر ہوجائے گی۔

ناگری لکھاوٹ میں اضافوں اور تبدیلیوں کی جو تجویز یہاں پیش کی گئی ہے ممکن ہے کہ ہندی کے بعض حلقوں میں اسے قابل قبول نہ سمجھا جائے لیکن اتنا یقین ہے کہ یہ تجویز ان حلقوں کو بھی دعوت فکر ضرور دے گی اور اس طرح ناگری لکھاوٹ کے بعض دوسرے مسائل بھی جنھیں میں نے یہاں نہیں چھیڑا ہے زیر غور اور زیر بحث آئیں گے۔

सब आवाजों को व्यक्त करने में समर्थ नहीं है क्योंकि मानव मस्तिष्क की तरह मानव कंठ भी असीमित योग्यता का मालिक है। उर्दू के वे शब्द जिनका दूसरा अक्षर बड़ी हे (ح) हो और यह हे (ح) गतिहीन हो और पहले अक्षर पर जबर हो तो उसे जबर नहीं बोला जाता बल्कि उस की आवाज जबर और जेर के बीच में होती है। जैसे अह्मद, मह्बूब, बह्र, वह्शत वग़ैर:। इनका उच्चारण करते समय पहले अक्षर को हमेश: अ और ए के बीच बोलना चाहिये। कभी कभी छोटी हे (ہ) के शब्दों के साथ भी यही होता है। जैसे क़ह्र।

उर्दू की एक और विशेषता यह है कि शा'अिरी में कुछ शब्दों की याये मज्हूल (मोटी आवाज देनेवाली ये) को ख़ारिज करके उसे जेर से बदल दिया जाता है। इस तरह आवाज छोटी हो जाती है। उदाहरण के लिए एक (ایک) और मेरे (میرے) से जब याये मज्हूल ख़ारिज होती है तो 'ए' की आवाज छोटी हो जाती है। और इसे (اک) और (مرے) लिखा जाता है। नागरी में इस आवाज को जो वास्तव में जेर की ख़ालिस आवाज है, व्यक्त करने का कोई तरीक़: नहीं। इसलिये मजबूरन ऐसे स्थानों पर इ की अलामत प्रयोग में लाई गई है। जैसे (इक) और (मिरे) यही सूरत कहीं कहीं वाव के साथ भी पेश आती है जहाँ उसकी पूरी आवाज कट कर पेश की आवाज में बदल जाती है। जैसे कोहसार کوہسار से کہسار इसको मजबूरन (कुह्सार) लिखा गया है।

मेरी राय यह है कि नागरी लिपि की मात्राओं में उर्दू के जेर (ِ) और पेश (ُ) को सम्मिलित कर लेना चाहिये। चूँकि जबर जिसका रूप जेर जैसा ही होता है और अक्षर के ऊपर लगाया जाता है, नागरी अक्षरों में सम्मिलित होता है, इसलिये इसे नागरी लिपि की मात्राओं में सम्मिलित करने की जरूरत नहीं। अलबत्त: किसी अक्षर से जबर की हरकत को ख़ारिज करने के लिए उसके नीचे हलन्त लगादेना चाहिये। जैसे (शम्'अ) के म और (बह्र) के "ह" में लगाया गया है।

इस तरह नागरी लिपि उर्दू की आवाजों को बड़ी हद तक व्यक्त करने में समर्थ हो जायगी।

नागरी लिपि में संशोधन और परिवर्द्धन का जो प्रस्ताव यहाँ पेश किया गया है, सम्भव है कि हिन्दी के कुछ क्षेत्रों में इसे स्वीकार करने योग्य न समझा जाय। लेकिन यह विश्वास है कि यह प्रस्ताव उन लोगों को भी सोचने का अवसर अवश्य देगा और इस प्रकार नागरी लिपि के दूसरे प्रश्नों पर भी, जिन्हें मैंने यहाँ नहीं छेड़ा है, विचार-विनिमय और वाद-विवाद हो सकेगा।

آخر میں اُن سب دوستوں کا شکریہ ادا کرنا میرا انتہائی خوشگوار فرض ہے جن کے تعاون سے دیوان غالب کا پیش نظر نسخہ شائع ہوا ہے۔ سب سے پہلے میں لالہ یودھراج کا شکرگذار ہوں جن کی سخاوت اور دریا دلی سے ہندوستانی بک ٹرسٹ وجود میں آیا، دیوان غالب اس ٹرسٹ کی پہلی کتاب ہے میر، اقبال اور اُردو کے دوسرے برگزیدہ شعرا کے انتخابات آئندہ شائع ہونگے میرے محترم دوست شہاب الدین دسنوی صاحب نے اپنی انتہائی مصروفیات کے باوجود ہندوستانی بک ٹرسٹ کے قیام اور دیوان کی طباعت میں جس طرح کوشش کی ہے اور اپنا قیمتی وقت دیا ہے اس کی تعریف کے لئے الفاظ ناکافی ہیں۔ جناب وی۔ شنکر صاحب کے قیمتی مشوروں کے ساتھ ساتھ جو کام کرنے والوں کی رہنمائی اور ہمت افزائی کا باعث ہوئے ڈاکٹر ملک راج آنند اور موصوف کی رفیق‌کار مس سیّار کے مشوروں سے دیوان غالب کا ہر صفحہ آراستہ ہے، اور اس کی یہ حسین وجمیل شکل و صورت اُنھیں کی کاوشوں کا نتیجہ ہے۔ میں مالک رام صاحب کا بھی شکرگذار ہوں جنھوں نے اپنے مرتب کئے ہوئے دیوان غالب کو استعمال کرنے کی اجازت دے کر میرے کام کو بہت آسان بنادیا، مغنی صاحب نے غزلوں کو دیوناگری میں منتقل کیا اور ہر صفحے کی تصحیح کی اور پریم سروپ شرما صاحب نے ہندی فرہنگ مرتب کرنے میں میرا ہاتھ بٹایا۔ ان دونوں دوستوں کی امداد کے بغیر اس فرض سے سبکدوش ہونا میرے لئے ناممکن تھا۔

ادبی پرنٹنگ پریس کے تمام کارکن میرے شکریے کے خاص طور سے مستحق ہیں انھوں نے دن رات ایک کرکے دیوان غالب اتنی نفاست کے ساتھ چھاپا ہے اور اپنے لئے اور اپنے پریس کے لئے دلوں کے اندر جگہ پیدا کرلی ہے۔

خدا کرے اس دیوان کی اشاعت سے ہندی والوں اور اُردو والوں کے دلوں میں محبت کے نئے پھول کھلیں اور ہمارا وطن اور ہماری زبان ان کی خوشبو سے مہک اُٹھے۔

بمبئی
جولائی ۱۹۵۸ء

سردار جعفری

अन्त में उन सब मित्रों के प्रति आभार प्रकट करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष होता है जिनके सहयोग से दीवान-ए-ग़ालिब का प्रस्तुत संस्करण प्रकाशित हुआ है। सबसे पहिले मैं लाला योधराज का आभारी हूँ जिनकी उदारता और विशाल हृदयता से हिन्दुस्तानी बुक ट्रस्ट अस्तित्व में आया। दीवान-ए-ग़ालिब इस ट्रस्ट का प्रथम ग्रन्थ है। मीर, इक़बाल और उर्दू के दूसरे महान कवियों के संकलन भविष्य में प्रकाशित होंगे। मेरे आदरणीय मित्र श्री शहाबुद्दीन देस्नवी ने अपनी अत्यन्त व्यस्तता के बावजूद हिन्दुस्तानी बुक ट्रस्ट के स्थापन और दीवान के मुद्रण में जिस तरह प्रयत्न किया है और अपना बहुमूल्य समय दिया है उसकी प्रशंसा के लिये शब्द नाकाफ़ी हैं। श्री वी. शंकर के क़ीमती मशवरों के साथ-साथ जो काम करनेवालों के मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन का कारण हुए, डाक्टर मुल्कराज आनन्द और उनकी सहयोगिनी मिस सैयार के परामर्श से दीवान-ए-ग़ालिब का हर पृष्ठ सुसज्जित है और इसका यह सुन्दर और मनोहर रूप उन्हीं के प्रयत्नों का नतीज: है। मैं श्री मालिक राम का भी आभारी हूँ, जिन्होंने अपने सम्पादित दीवान-ए-ग़ालिब का उपयोग करने की अनुमति देकर मेरे काम को बहुत आसान बना दिया। श्री मुग़नी अमरोहवी ने ग़ज़लों को देवनागरी में लिपिबद्ध किया और हर पृष्ठ का संशोधन किया और श्री प्रेम स्वरूप शर्मा ने शब्दावली सम्पादित करने में मेरा हाथ बटाया। इन दोनों मित्रों के सहयोग के बिना इस कर्तव्य से भारमुक्त होना मेरे लिये असम्भव था।

अदबी प्रिंटिंग प्रेस के सभी कार्यकर्ता विशेष रूप से मेरे धन्यवाद के अधिकारी हैं। उन्होंने दिन रात एक करके दीवान-ए-ग़ालिब इतनी स्वच्छता के साथ छापा है और अपने और अपने प्रेस के लिए दिलों के अन्दर जगह पैदा करली है।

ख़ुदा करे इस दीवान के प्रकाशन से हिन्दी वालों और उर्दू वालों के दिलों में प्रेम के नये पुष्प खिलें और हमारा देश और हमारी भाषा उन की सुगंध से महक उठे।

बम्बई — सरदार जा'फ़री

जुलाई १९५८

غزلیں

लिखावट और उच्चारण का नक़्शः

श़ ژ	'ऐन ع
ज और श के बीच की आवाज़	'अ (पूरा) ' (आधा)

छोटी हे [ः] [ه]

लिखावट		उच्चारण
नग़मः	अ	नग़मा
नग़मः-ए-	अए	नग़मए
नग़मः-ओ-	अओ	नग़मओ

'अत्फ़ [-ओ-] [و] عطف

(दो शब्दों का जोड़)

गुल-ओ-बुलबुल	ओ	गुलो-बुलबुल
लालः-ओ-गुल	अओ	लालओ-गुल
अदा-ओ-नाज़	आओ	अदाओ-नाज़

इज़ाफ़त [-ए-] [ِ] اضافت

(दो शब्दों का संबंध)

ग़म-ए-दिल	ए	ग़मे-दिल
नग़मः-ए-दिल	अए	नग़मए-दिल
हवा-ए-दिल	आए	हवाए-दिल

۱

نقش فریادی ہے، کس کی شوخیِ تحریر کا
کاغذی ہے پیرہن، ہر پیکرِ تصویر کا

کاوِ کاوِ سخت جانی ہائے تنہائی، نہ پوچھ
صبح کرنا شام کا، لانا ہے جوئے شیر کا

جذبۂ بے اختیارِ شوق دیکھا چاہیے
سینۂ شمشیر سے باہر، ہے دم شمشیر کا

१

नक़्श फ़रियादी है, किसकी शोख़ि-ए-तहरीर का
कागज़ी है पैरहन, हर पैकर-ए-तस्वीर का

काव-ए-काव-ए-सख़्त जानीहा-ए-तन्हाई न पूछ
सुब्ह करना शाम का, लाना है जू-ए-शीर का

जज़्ब:-ए-बे इख़्तियार-ए-शौक़ देखा चाहिये
सीन:-ए-शमशीर से बाहर है, दम शमशीर का

آ گہی، دامِ شنیدن، جس قدر چاہے، بچھائے
مدعا عنقا ہے اپنے عالمِ تقریر کا

بس کہ ہوں، غالب اسیری میں بھی آتش زیرِ پا
موئے آتش دیدہ ہے حلقہ مری زنجیر کا

۲

جراحت تحفہ، اَلماس ارمغاں، داغِ جگر ہدیہ
مبارک باد اسد، غمخوارِ جانِ دردمند آیا

۳

جز قیس اور کوئی نہ آیا، بروئے کار
صحرا، مگر، بہ تنگیِ چشمِ حسود تھا

آشفتگی نے نقشِ سویدا کیا درست
ظاہر ہوا، کہ داغ کا سرمایہ دود تھا

تھا خواب میں، خیال کو تجھ سے معاملہ
جب آنکھ کھل گئی، نہ زیاں تھا، نہ سود تھا

لیتا ہوں مکتبِ غمِ دل میں سبق ہنوز
لیکن یہی کہ، رفت گیا، اور بود تھا

आगही, दाम-ए-शनीदन, जिस क़दर चाहे, बिछाये
मुद्द'आ 'अंक़ा है, अपने 'आलम-ए-तक़रीर का

बसकि हूँ, ग़ालिब, असीरी में भी आतश ज़ेर-ए-पा
मू-ए-आतश दीद:, है हल्क़: मिरी ज़ंजीर का

२

जराहत तोह्फ़:, अल्मास अर्मुग़ाँ, दाग़-ए-जिगर हदिय:
मुबारकबाद असद, ग़मख़्वार-ए-जान-ए-दर्दमन्द आया

३

जुज़ क़ैस और कोई न आया, ब रू-ए-कार
सह्रा, मगर, ब तँगि-ए-चश्म-ए-हुसूद था

आशुफ़्तगी ने नक़्श-ए-सुवैदा किया दुरुस्त
ज़ाहिर हुआ, कि दाग़ का सरमाय: दूद था

था ख़्वाब में, ख़याल को तुझसे मु'आमल:
जब आँख खुल गई, न ज़ियाँ था न सूद था

लेता हूँ मक्तब-ए-ग़म-ए-दिल में सबक़ हनोज़
लेकिन यही कि, रफ़्त गया, और बूद था

شورِ پندِ ناصح نے زخم پر نمک چھڑکا
آپ سے کوئی پوچھے، تم نے کیا مزا پایا

۵

دل مرا، سوزِ نہاں سے، بے محابا جل گیا
آتشِ خاموش کی مانند گویا جل گیا

دل میں، ذوقِ وصل و یادِ یار تک، باقی نہیں
آگ اس گھر میں لگی ایسی، کہ جو تھا جل گیا

میں عدم سے بھی پرے ہوں، ورنہ غافل، بارہا
میری آہِ آتشیں سے، بالِ عنقا جل گیا

عرض کیجے، جوہرِ اندیشہ کی گرمی کہاں،
کچھ خیال آیا تھا وحشت کا، کہ صحرا جل گیا

دل نہیں، تجھ کو دکھاتا ورنہ، داغوں کی بہار
اس چراغاں کا، کروں کیا، کار فرما جل گیا

میں ہوں اور افسردگی کی آرزو، غالب، کہ دل
دیکھ کر طرزِ تپاکِ اہلِ دنیا جل گیا

शोर-ए-पन्द-ए-नासेह ने ज़ख़्म पर नमक छिड़का
आप से कोई पूछे, तुम ने क्या मज़ा पाया

५

दिल मिरा, सोज़-ए-निहाँ से, बेमहाबा जल गया
आतश-ए-ख़ामोश की मानिन्द गोया जल गया

दिल में, ज़ौक़-ए-वस्ल-ओ-याद-ए-यार तक, बाक़ी नहीं
आग इस घर में लगी ऐसी कि जो था जल गया

मैं 'अदम से भी परे हूँ, वर्नः ग़ाफ़िल, बारहा
मेरी आह-ए-आतशीं से, बाल-ए-'अंक़ा जल गया

अर्ज़ कीजे, जौहर-ए-अन्देशः की गर्मी कहाँ
कुछ ख़याल आया था वहशत का, कि सहरा जल गया

दिल नहीं, तुझको दिखाता वर्नः, दाग़ों की बहार
इस चराग़ाँ का, करूँ क्या, कारफ़रमा जल गया

मैं हूँ और अफ़सुर्दगी की आरज़ू, ग़ालिब, कि दिल
देख कर तर्ज़-ए-तपाक-ए-अहल-ए-दुनिया जल गया

۶

شوق ہر رنگ، رقیبِ سر و ساماں نکلا
قیس تصویر کے پردے میں بھی عریاں نکلا

زخم نے داد نہ دی تنگیِ دل کی، یارب
تیر بھی سینۂ بسمل سے پرافشاں نکلا

بوے گل، نالۂ دل، دودِ چراغِ محفل
جو تری بزم سے نکلا، سو پریشاں نکلا

دلِ حسرت زدہ، تھا مایدۂ لذتِ درد
کام یاروں کا، بقدرِ لب و دنداں نکلا

تھی نو آموزِ فنا، ہمتِ دشوار پسند
سخت مشکل ہے، کہ یہ کام بھی آساں نکلا

دل میں، پھر گریے نے اک شور اٹھایا غالب
آہ، جو قطرہ نہ نکلا تھا، سو طوفاں نکلا

۷

دھمکی میں مر گیا، جو نہ بابِ نبرد تھا
عشقِ نبرد پیشہ، طلب گارِ مرد تھا

६

शौक़ हर रंग, रक़ीब-ए-सर-ओ-सामाँ निकला
क़ैस तस्वीर के पर्दे में भी 'अुरियाँ निकला

ज़ख़्म ने दाद न दी तंगि-ए-दिल की यारब
तीर भी सीनः-ए-बिस्मिल से परअफ़शाँ निकला

बू-ए-गुल, नालः-ए-दिल, दूद-ए-चराग़-ए-महफ़िल
जो तिरी बज़्म से निकला, सो परीशाँ निकला

दिल-ए-हसरतज़दः था मायदः-ए-लज़्ज़त-ए-दर्द
काम यारों का, बक़द्र-ए-लब-ओ-दन्दाँ निकला

थी नौआमोज़-ए-फ़ना, हिम्मत-ए-दुश्वार पसन्द
सख़्त मुश्किल है, कि यह काम भी आसाँ निकला

दिल में फिर गिरिये ने इक शोर उठाया, ग़ालिब
आह जो क़तरः न निकला था, सो तूफ़ाँ निकला

७

धमकी में मर गया, जो न बाब-ए-नबर्द था
'अिश्क़-ए-नबर्द पेशः, तलबगार-ए-मर्द था

تھا زندگی میں مرگ کا کھٹکا لگا ہوا
اُڑنے سے پیشتر بھی مرا رنگ زرد تھا

تالیفِ نسخہائے وفا کررہا تھا میں
مجموعۂ خیال ابھی فرد فرد تھا

دل تا جگر کہ ساحلِ دریائے خوں ہے اب
اس رہ گزر میں جلوۂ گل آگے گرد تھا

جاتی ہے کوئی کشمکش اندوہِ عشق کی،
دل بھی اگر گیا، تو وہی دل کا درد تھا

احباب چارہ سازیِ وحشت نہ کرسکے
زنداں میں بھی خیال، بیاباں نورد تھا

یہ لاشِ بے کفن، اسدِ خستہ جاں کی ہے
حق مغفرت کرے، عجب آزاد مرد تھا

۸

شمارِ سبحہ، مرغوبِ بتِ مشکل پسند آیا
تماشائے بہ یک کف بردنِ صد دل، پسند آیا

بہ فیضِ بے دلی، نومیدیِ جاوید آساں ہے
کشایش کو ہمارا عقدۂ مشکل پسند آیا

था ज़िन्दगी में मर्ग का खटका लगा हुआ
उड़ने से पेश्तर भी मिरा रंग ज़र्द था

तालीफ़-ए-नुस्ख़हा-ए-वफ़ा कर रहा था मैं
मजमूʻअ:-ए-ख़याल अभी फ़र्द फ़र्द था

दिल ता जिगर कि साहिल-ए-दरिया-ए-ख़ूँ है अब
इस रहगुज़र में जलव:-ए-गुल आगे गर्द था

जाती है कोई कशमकश अन्दोह-ए-ʻअिश्क़ की
दिल भी अगर गया, तो वही दिल का दर्द था

अहबाब चार: - साज़ि-ए-वहशत न कर सके
ज़िन्दाँ में भी ख़याल, बयाबाँ नवर्द था

यह लाश-ए-बेकफ़न, असद-ए-ख़स्त: जाँ की है
हक़ मग़्फ़िरत करे, ʻअजब आज़ाद मर्द था

८

शुमार-ए-सबह:, मर्ग़ूब-ए-बुत-ए-मुश्किल-पसन्द आया
तमाशा-ए-बयक कफ़ बुर्दन-ए-सद् दिल पसन्द आया

ब फ़ैज़-ए-बेदिली, नौमीदि-ए-जावेद आसाँ है
कशायश को हमारा ʻअुक़्द:-ए-मुश्किल-पसन्द आया

ہوائے سیرِ گل، آئینۂ بے مہریِ قاتل
کہ اندازِ بخوں غلطیدنِ بسمل پسند آیا

۹

دہر میں، نقشِ وفا، وجہِ تسلّی نہ ہوا
ہے یہ وہ لفظ، کہ شرمندۂ معنی نہ ہوا

سبزۂ خط سے، ترا کاکلِ سر کش نہ دبا
یہ زمرد بھی حریفِ دمِ افعی نہ ہوا

میں نے چاہا تھا کہ اندوہِ وفا سے چھوٹوں
وہ ستم گر مرے مرنے پہ بھی راضی نہ ہوا

دل گذر گاہِ خیالِ مے و ساغر ہی سہی
گر نفس جادۂ سر منزلِ تقویٰ نہ ہوا

ہوں ترے وعدہ نہ کرنے میں بھی راضی، کہ کبھی
گوش منت کشِ گلبانگِ تسلّی نہ ہوا

کس سے محرومیِ قسمت کی شکایت کیجے
ہم نے چاہا تھا کہ مر جائیں، سو وہ بھی نہ ہوا

مر گیا صدمۂ یک جنبشِ لب سے غالب
ناتوانی سے حریفِ دمِ عیسیٰ نہ ہوا

हवा-ए-सैर-ए-गुल, आईन:-ए-बेमेहरि-ए-क़ातिल
कि अन्दाज़-ए-बख़ूँ ग़लतीदन-ए-बिस्मिल पसन्द आया

९

दहर में, नक़्श-ए-वफ़ा, वज्ह-ए-तसल्ली न हुआ
है यह वह लफ़्ज़, कि शर्मिन्द:-ए-म'अनी न हुआ

सब्ज़:-ए-ख़त से तिरा, काकुल-ए-सरकश न दबा
यह ज़मर्रुद भी हरीफ़-ए-दम-ए-अफ़'ई न हुआ

मैं ने चाहा था कि अन्दोह-ए-वफ़ा से छूटूँ
वह सितमगर मिरे मरने प भी राज़ी न हुआ

दिल गुज़रगाह-ए-ख़याल-ए-मै-ओ-साग़र ही सही
गर नफ़स जाद:-ए-सरमंज़िल-ए-तक़्वा न हुआ

हूँ तिरे व'अद: न करने में भी राज़ी, कि कभी
गोश मिन्नत-कश-ए-गुलबाँग-ए-तसल्ली न हुआ

किससे महरूमि-ए-क़िस्मत की शिकायत कीजे
हमने चाहा था कि मर जायें, सो वह भी न हुआ

मर गया सदम:-ए-यक जुंबिश-ए-लब से ग़ालिब
नातवानी से हरीफ़-ए-दम-ए-'ईसा न हुआ

۱۰

ستایش گر ہے زاہد اس قدر، جس باغِ رضواں کا
وہ اک گلدستہ ہے ہم بیخودوں کے طاقِ نسیاں کا

بیاں کیا کیجیے بیدادِ کاوش ہائے مژگاں کا
کہ ہر اک قطرۂ خوں، دانہ ہے تسبیحِ مرجاں کا

نہ آئی سطوتِ قاتل بھی مانع، میرے نالوں کو
لیا دانتوں میں جو تنکا، ہوا ریشہ نیستاں کا

